अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 254 | लखनऊ, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## ‘विकसित भारत’ के लक्ष्य के लिए पब्लिक सर्विस का निरंतर अपडेट जरूरी : मोदी

- लोकसेवकों से बोले प्रधानमंत्री मोदी- ‘नागरिक प्रथम’ मंत्र को अपनाने की आवश्यकता

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ‘कर्मयोगी साधना सप्ताह’ के अवसर पर कहा कि तेजी से बदलती दुनिया के साथ कदम मिलाने के लिए देश की पब्लिक सर्विस को लगातार अपडेट करना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ‘विकसित भारत’ के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम, संवेदनशील और आधुनिक प्रशासनिक तंत्र की अहम भूमिका होगी।



प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी में वैश्विक व्यवस्थाएं तेजी से बदल रही हैं और भारत भी उसी गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासनिक तंत्र को समयानुकूल बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सरकारी कर्मचारियों की क्षमता और कार्यशैली को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल मंत्र ‘नागरिक देवो भव’ है, जिसका अर्थ है कि नागरिक सर्वोपरि हैं। इस सोच के साथ सरकार सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने पर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत एक आकांक्षी समाज है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। इन सपनों को साकार करने के लिए सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे हर संभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गवर्नेंस की सफलता का वास्तविक पैमाना यह होना चाहिए कि नागरिकों की ‘ईज ऑफ लिविंग’ और ‘क्वालिटी ऑफ लाइफ’ में लगातार सुधार हो। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन कुछ नया सीखने की आदत विकसित करें और खुद को एक सच्चे ‘कर्मयोगी’ के रूप में ढालें। उन्होंने कहा कि निरंतर सीखने और आत्म-विकास से ही प्रशासनिक तंत्र मजबूत होगा और बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

प्रशासनिक सुधारों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले व्यवस्था में ‘अधिकारी’ होने पर ज्यादा जोर दिया जाता था, लेकिन अब समय ‘कर्तव्य भावना’ को प्राथमिकता देने का है। उन्होंने कहा कि हर निर्णय लेने से पहले यदि अधिकारी अपने कर्तव्य के बारे में सोचेंगे, तो उसके परिणाम स्वतः ही अधिक प्रभावी होंगे और समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर निर्णय को भविष्य के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। वर्ष 2047 तक ‘विकसित भारत’ का लक्ष्य सामने रखते हुए उन्होंने कहा कि आज लिए गए निर्णय देश की विकास यात्रा को नई दिशा देंगे। एक व्यक्ति का आत्म-परिवर्तन ही संस्थागत परिवर्तन का आधार बन सकता है।

## पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच बड़ी राहत

### सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों को किया ड्यूटी फ्री

- 30 जून तक 40 प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर नहीं लगेगी कस्टम ड्यूटी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच पेट्रोकेमिकल उत्पादों का मुख्य रॉ मटेरियल के रूप में इस्तेमाल करने वाले उद्योगों को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। इसके तहत केंद्र सरकार ने 40 प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादन से अगले तीन महीने तक के लिए पूरी तरह से कस्टम ड्यूटी हटाने की घोषणा की है। केंद्र सरकार के इस कदम का उद्देश्य कच्चे माल की कीमत में होने वाली बेतहाशा वृद्धि से भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुरक्षित रखना है। अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग के दौरान केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस



फैसले से फार्मास्यूटिकल, ऑटो कॉम्पोनेंट्स, प्लास्टिक, टेक्सटाइल, पैकेजिंग और केमिकल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम कर रहे उद्योगों को काफी फायदा होगा। कस्टम ड्यूटी हटाने से इन उद्योगों की उत्पादन लागत में गिरावट आएगी और आम आदमी को महंगाई के बोझ से कुछ हद तक राहत मिल सकेगा। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इंडस्ट्रियल रॉ मटेरियल के रूप में एसिटिक एसिड, एपॉक्सी रेजिन, प्यूरीफाइड टैरेफ्थैलिक एसिड, मेथेनॉल, फिनोल, टॉल्यून, एनहाइड्रस अमोनिया, एथिलीन पॉलीमर्स और कई तरह के फॉर्मेल्डिहाइड पर लगने वाले कस्टम ड्यूटी को 30 जून तक के लिए पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है।

## संक्षिप्त

### पांच राज्यों की विस और 8 सीटों के उपचुनाव में प्रचार-निषेध अवधि व एग्जिट पोल पर रोक की घोषणा

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार-निषेध अवधि (साइलेंस पीरियड) और एग्जिट पोल से जुड़ी पाबंदियों की घोषणा की है। आयोग ने बताया कि प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1)(बी) के तहत मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी चुनाव क्षेत्र में टीवी, रेडियो या अन्य माध्यमों से चुनाव प्रचार सामग्री दिखाना प्रतिबंधित है। इस अवधि में किसी भी प्रकार का विचार, अपील या ओपिनियन पोल प्रसारित नहीं किया जा सकता। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान 9 अप्रैल को होगा, जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

### राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए गए, अशोक मित्तल को मौका

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने गुरुवार को राज्यसभा में राघव चड्ढा को हटाकर अशोक मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का उपनेता चुना है। पार्टी की तरफ से राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से अशोक मित्तल को पार्टी का उपनेता नियुक्त करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी के कोटे से बोलने का समय आवंटित न किया जाए। अशोक मित्तल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी सौंपी है।

### देश में 60 दिनों के कच्चा तेल का भंडार मौजूद, एलपीजी कोटा १० फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच भारत के पास अगले 60 दिनों की मांग पूरा करने के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी संभावित उतार-चढ़ाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जानकारी दी है कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले एक महीने में 3.33 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने गुरुवार को पश्चिम एशिया हालिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में देश के सामरिक ऊर्जा भंडार स्थिति पर आधिकारिक जानकारी साझा की है।

## श्रीमद् भागवत कथा व कलश यात्रा का शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। भव्य एवं पारंपरिक वेश में गुरुवार से शिवाजी पार्क बर्रा 2 में श्री मद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। वृंदावन धाम के संत अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री अभिनव जी महाराज के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में संत अभिनव महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। इस अवसर पर गुरु माँ मोहिता शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, वा ईशान शर्मा, दिलीप पांडे, स्वीटी सेठी, रेनु हांडा, मनोज हान्डा आदि लोग मौजूद रहे।

## माता-पिता की जिम्मेदारी के नाम पर पत्नी की उपेक्षा नहीं : हाईकोर्ट

- बढ़े भरण पोषण के खिलाफ पति की याचिका खारिज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि पति की अपने माता-पिता और भाई-बहनों के प्रति जिम्मेदारियां उसे अपनी पत्नी के भरण-पोषण के प्राथमिक दायित्व से मुक्त नहीं कर सकतीं।

जस्टिस विनोद दिवाकर की पीठ ने एक रेलवे कर्मचारी द्वारा दायर आपराधिक पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। मामले में फैमिली कोर्ट इटावा ने पत्नी के लिए मासिक भरण-पोषण की राशि 3500 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये और नाबालिग पुत्र के लिए 1500 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये की थी।



रेलवे कर्मचारी पति अजय बर्मन ने हाईकोर्ट में दलील दी कि वह रेलवे में ग्रुप-डी कर्मचारी है और लगभग 55 हजार रुपये प्रतिमाह कमाता है। उसे अपने दैनिक खर्चों के साथ-साथ वृद्ध माता-पिता और अविवाहित भाई-बहनों का भी पालन-पोषण करना पड़ता है। इससे उसकी आर्थिक स्थिति पर दबाव है। हालांकि, हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि 55 हजार रुपये मासिक आय इतनी कम नहीं है कि वह पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ हो।

अदालत ने कहा, ‘‘केवल पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला देकर पति अपने वैधानिक कर्तव्य से बच नहीं सकता। पत्नी का भरण-पोषण उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।’’ कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण संबंधी प्रावधान सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से बनाए गए ताकि पत्नी सम्मानजनक जीवन जी सके और पति की आर्थिक स्थिति के अनुरूप उसका पालन-पोषण हो सके।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट हनी-ट्रैप वसूली गिरोह पर हुआ सख्त

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मेरठ जोन में संचालित कथित हनी-ट्रैप और ब्लैकमेल गिरोह की जांच के आदेश दिए हैं। अदालत ने मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को इस पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया। जस्टिस जे जे मुनीर और जस्टिस तरून सक्सेना की खंडपीठ ने फोजिया एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस तरह के गिरोह का अस्तित्व, जो महिलाओं के जरिए लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल करता है, समाज की गंभीर रूप से चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि इस तरह के अपराधों को जारी रहने दिया गया, तो एक सभ्य समाज में जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा। वास्तव में कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक महिला और चार अन्य आरोपितों ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग की थी।आरोपों के अनुसार, पहली याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता को सम्पर्क कर बिजनौर के एक होटल में बुलाया, जहां उनके बीच शारीरिक सम्बंध बनाए गए। इस दौरान छिपकर वीडियो बना लिया गया, जिसके बाद आरोपितों ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से 10 लाख की मांग करते हुए ब्लैकमेल करना शुरू किया।

## लोकसभा में उठी सोशल मीडिया प्रतिबंध की मांग

- 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों पर नेगेटिव इम्पैक्ट, बढ़ा तनाव और अवसाद

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों पर सोशल मीडिया के उपयोग के नुकसानदेह प्रभाव का जिक्र करते हुए लोकसभा में बृहस्पतिवार को सरकार से इस पर देश भर में प्रतिबंध



लगाने की मांग की। कांग्रेस सदस्य के. काव्या और भाजपा के आनंद कुमार ने शून्य काल के दौरान सदन में यह मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सोशल मीडिया के उपयोग के कारण बच्चों में तनाव और अवसाद बढ़ रहा है तथा उनमें पारिवारिक संबंधों को लेकर अंतदृष्टि और सामाजिक सहभागिता की कमी देखने को मिल रही है। काव्या ने कहा कि बच्चों के मन पर सोशल मीडिया ऐप हावी हो गए हैं जो उन्हें गलत दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘‘16 साल से कम उम्र के दो बच्चों की मां होने के नाते मैं केंद्र सरकार से सोशल मीडिया पर देश भर में प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करती हूं।’’ उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में ये प्रतिबंध लागू किये गए हैं, इसलिए केंद्र सरकार इस विषय पर गौर करे। उन्होंने उल्लेख किया कि अन्य सांसदों ने भी इस तरह के सुझाव दिये हैं। भाजपा के आनंद कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के अनियंत्रित और अत्यधिक उपयोग का प्रभाव विशेष रूप से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों पर चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ‘‘आयु में बच्चे सही-गलत के बीच भेद नहीं कर पाते, जिस कारण वे भ्रामक सूचनाओं और डीपफेक सामग्री, ‘साइबर बुलिंग’ और अनुचित सामग्री के प्रभाव में आ जाते हैं।’’ कुमार ने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को विनयमित करने या उपयुक्त प्रतिबंध लगाने, प्रभावी आयु सत्यापन व्यवस्था लागू करने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश लाने पर सरकार गंभीरता से विचार करे।

## नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत अब तक 524 परियोजनाएं स्वीकृत, 355 पूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रदूषण नियंत्रण और पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत अब तक 524 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी लागत 43,030 करोड़ रुपये है। इनमें से 355 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि 2014-15 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इसके अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट, नदी तट प्रबंधन, ग्रामीण स्वच्छता, वनीकरण, जैव विविधता संरक्षण और जनभागीदारी जैसे विविध उपाय किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत 218 सीवरेज परियोजनाएं 35,794 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गईं, जिनसे 6,610 एमएलडी क्षमता विकसित होगी। इनमें से 138 एसटीपी परियोजनाएं पूरी होकर चालू हो चुकी हैं।

## भारत की पश्चिम एशिया के हालात पर नजर, हर स्थिति से निपटने को तैयार: राजनाथ सिंह



- मौजूदा समय में भारत जहाज निर्माण के क्षेत्र में दुनिया की किसी भी बड़ी शक्ति से कम नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आज हम सब एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। आज हम देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया में बड़ा संघर्ष चल रहा है। केरल के बहुत सारे लोग इन देशों में रहते और काम करते हैं, मगर उन्हें चिंता नहीं करनी है। कुछ लोग इस मौके पर कई तरह का झूठ फैला कर घबड़ाहट फैलाना चाहते हैं, जबकि भारत इस किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में ‘सैनिक सम्मान सम्मेलन’ को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में निपटने में सक्षम और तैयार है। यह समय पूरे देश के एकजुट होने का है। संकट के समय में भाजपा ने हमेशा देश का साथ दिया है।

## जनगणना में कराइए लिव इन वैलिडेशन

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक

- किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ घोषणा काफी
- ये प्रक्रिया जोड़ों की मर्जी और विश्वास पर होगी आधारित
- उत्तराखंड में पहले से है लिव इन रजिस्टर्ड कराने की व्यवस्था

लखनऊ। लिव इन रिलेशन में रहने वालों और किन्ही कारणों से उसे वैलिडेट न करा पाने वाले जोड़ों के लिए खुशखबरी है। आगामी एक अप्रैल 2026 से शुरू हुई जनगणना प्रक्रिया के दूसरे चरण में लिव इन में रहने वाले जोड़े चाहें तो उन्हें पत्नी-पत्नी के रूप में दर्ज किया जा सकता है। और इसके लिए उन्हें कोई दस्तावेज नहीं देना होगा। प्रक्रिया पूरी तरह से उनके विश्वास पर निर्धारित होगी। पर ऐसा तभी होगा जब जोड़े इसके लिए इच्छा जाहिर करेंगे। उत्तराखंड में पहले से ही लिव इन रिलेशनशिप को अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड कराने की व्यवस्था है। इस कारण वहां पर होने वाली जनगणना में लिवइन जोड़े अपने आप शादीशुदा मान लिए जाएंगे। क्योंकि उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता की व्यवस्था के तहत पहले से लिव इन रिलेशनशिप रजिस्ट्रेशन हो चुका होगा।




इसके लिए जनगणना 2026 के दूसरे चरण में विशेष व्यवस्था की गई है। इसमें उन्हें कुछ शर्तों के साथ शादीशुदा माना जाएगा। यदि जोड़े अपने रिश्ते को स्थिर मानते हैं तो उन्हें इस जनगणना में ‘विवाहित’ के रूप में गिना जाएगा। ऐसे जोड़ों के लिए जरूरी है कि उनका रिश्ता स्थिर हो। और यदि ऐसा है तो वे खुद को शादीशुदा जोड़े के रूप में पंजीकृत करने की इच्छा जता सकते हैं।

सरकार की ओर से जारी जनगणना के नियमों के अनुसार, अगर कोई जोड़ा लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है, और अपने संबंध को स्थायी मानता है, तो उसे जनगणना में शादीशुदा की श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। वैसे इस प्रावधान को लेकर सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरु हो गई है। सरकार ने जनगणना के लिए 33 महत्वपूर्ण सवाल जारी किए हैं। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण चर्चा लिव-इन से जुड़े गाइडलाइन को लेकर हैं।

जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। और इसमें लोगों को खुद भी जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। पहले चरण की जनगणना में हाउस लिस्टिंग होगी यह फिर उसके बाद मकान की स्थिति और निवासियों से जानकारी जुटाई जाएगी। इसी में वैवाहिक स्थिति का भी कालम शामिल है। दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा। जानकार बताते हैं कि आजादी के बाद से यह देश की 16वीं जनगणना होगी। इस जनगणना में जाति भी पूछी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू होने के बाद से ही लिव इन रिलेशन के लिए कानून सख्त कर दिए गए हैं। वहां जोड़ों को लिव इन में रहने से पहले रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इसलिए उत्तराखंड राज्य में ऐसे जोड़ों को शादीशुदा की श्रेणी में रखने पर कोई समस्या नहीं आएगी। ऐसे में पहले ही उनकी स्थिति स्पष्ट हो जाती है। हालांकि देश के एक और राज्य गुजरात में भी यूसीसी लागू हो गई है, पर अभी उसके प्रावधान सामने नहीं आए हैं। ऐसे में वहां लिव इन की कानूनी स्थिति क्या होगी, अभी कुछ कह पाना मुश्किल है। देश के अन्य राज्यों के जोड़ों द्वारा अपने लिव इन की स्थिरता और संबंधों की प्रगाढ़ता की घोषणा करनी होगी। उसके बाद ही उन्हें शादीशुदा की श्रेणी में रखा जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में मार्च माह में सर्वाधिक 52,729 सोलर इंस्टॉलेशन, कुल क्षमता 1161 मेगावाट के पार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सोलर इंस्टॉलेशन में प्रदेश की बड़ी छलांग, 2025-26 में रिकॉर्ड 3.47 लाख संयंत्र स्थापित



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए रिकॉर्ड 3,47,729 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। बीते मार्च माह की बात करें तो सर्वाधिक 52,729 सोलर इंस्टॉलेशन किए गए हैं। इस तरह से राज्य की कुल स्थापित क्षमता 1161.756 मेगावाट तक पहुंच गई, जो प्रदेश की ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेजी को दर्शाता है।

माहवार आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष की शुरुआत अप्रैल 2025 में 15,836 इंस्टॉलेशन से हुए थे, जो मई और जून में बढ़कर क्रमशः 18,509 और 18,494 तक पहुंच गए। जुलाई से इस रफ्तार में बड़ी उछाल देखने को मिली, जहां 29,850 संयंत्र स्थापित हुए और क्षमता 100 मेगावाट के पार पहुंच गई। अगस्त और सितंबर में भी यह गति बरकरार रही, जबकि अक्टूबर में थोड़ी गिरावट के बाद नवंबर और दिसंबर में फिर से तेजी आई। नवंबर में 30,894 और दिसंबर में 31,164 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए। वास्तविक तेजी वर्ष के अंतिम तीन महीनों में देखने को मिली। जनवरी 2026 में 33,314, फरवरी में 35,804 और मार्च में रिकॉर्ड 52,729 संयंत्र स्थापित किए गए, जो पूरे वर्ष का सर्वाधिक आंकड़ा रहा। केवल मार्च माह में ही 173.84 मेगावाट क्षमता जोड़ी गई, जो किसी एक माह में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। यूपीनेडा के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंतिम तिमाही में आई यह तेजी सरकार की प्रभावी नीतियों, सब्सिडी योजनाओं और जमीनी स्तर पर मजबूत क्रियान्वयन का परिणाम है। इससे न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ा है, बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ बिजली भी उपलब्ध हो रही है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में तेजी से उभर रहा है। उत्तर प्रदेश पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में नंबर वन राज्य बन गया है। कुल मिलकर उत्तर प्रदेश में कुल 4,48,233 सोलर रूफटॉप इंस्टॉल किए जा चुके हैं, जिससे रोजाना 1524 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। लगातार बढ़ती इंस्टॉलेशन दर इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में प्रदेश ग्रीन एनर्जी और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को और तेजी से हासिल करेगा।

# मारकंडेय यादव को सीएम ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त थे मारकंडेय यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त, समाजसेवी, पिपराइच के लुहसी गांव निवासी मारकंडेय यादव के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह लुहसी स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मारकंडेय यादव का बुधवार सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनकी गोरक्षपीठ के प्रति अगाध श्रद्धा थी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह करीब सवा दस बजे लुहसी मारकंडेय यादव के आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्मृतिशेष के पार्थिव शरीर व चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए महायोगी गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। सीएम योगी ने स्वर्गीय मारकंडेय यादव के परिजनों, पत्नी गुड्डी यादव, पुत्रद्वय संजीव यादव व विशाल यादव, भाई हरेंद्र यादव, पुत्री वंदना यादव, दामाद हिमांशु यादव से आत्मीयता से बातचीत कर ढांढस बंधाया।इस अवसर पर गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति संतराज यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पिपराइच नगर पंचायत के चेयरमैन संजय मद्धेशिया, वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिंह, आनंद शाही, रणविजय सिंह मुन्ना भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय बहादुर पाठक के पिता का निधन,पंकज चौधरी दुखी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिताजी एवं जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राधे श्याम पाठक आजमगढ़ से जनसंघ के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है और संगठन में विभिन्न दायित्वों पर सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सत्यपाल सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृजबहादुर, सुनीता दयाल, दिनेश कुमार शर्मा, मानवेन्द्र सिंह पद्म सेन चौधरी मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, देवेश कोरी, त्रयंबक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रियंका सिंह रावत, संजय राय, सुभाष यदुवंश, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, चन्द्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला माहौर विजय शिवहरे शंकर लोधी शकुन्तला चौहान अनामिका चौधरी पूनम बजाज अर्चना मिश्रा अमित वाल्मीकि, बंसत त्यागी शिव भूषण सिंह सुरेश पासी अभिजात मिश्रा डीपी भारती प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सह मुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मणसिंह अतुल अवस्थी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, धर्मेन्द्र राय, प्रियंक पाण्डेय अभय प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव डा.समीर सिंह मनीष शुक्ला हीरो बाजपेयी आलोक अवस्थी अशोक पाण्डेय जुगल किशोर अनिला सिंह, राकेश त्रिपाठी, प्रशान्त वशिष्ठ संजय चौधरी, आनन्द दुबे, साक्षी दिवाकर, आलोक वर्मा, महामेधानागर अवनीश त्यागी राज कुमार अशोक तिवारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव तथा शिव कुमार पाठक ने प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिताजी राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### बीकेटी हाईकोर्ट के आदेश पर मस्जिद को बुलडोजर से ढहाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार तड़के 4 बजे एक मस्जिद को बुलडोजर से ढहा दिया गया। एडीएम और एसडीएम प्रशासन की टीम और 3 बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। एक घंटे के अंदर मस्जिद को जमींदोज कर दिया गया। इसके बाद मलबा हटाया गया। इस दौरान पीएसी की 2 टुकड़ियों समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की। मस्जिद बक्शी का तालाब (बीकेटी) के अस्ती गांव में बनी थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि मस्जिद 60 साल पहले बनी थी। प्रशासन का कहना है कि मस्जिद सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई थी। इस मामले की शुरुआत 2024 में हुई थी। सबसे पहले तहसीलदार कोर्ट में प्रशासन ने याचिका लगाई थी। तहसीलदार कोर्ट ने 2025 में मस्जिद हटाने और 36 हजार रुपए जुर्माने का आदेश दिया था। तहसीलदार कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद पक्ष एडीएम कोर्ट पहुंच गया। वहां से भी मामला खारिज हो गया। इसके बाद मुस्जिद पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 6 दिन पहले यानी 26 मार्च को हाईकोर्ट ने मस्जिद को हटाने का आदेश दिया था।

### पीएम मोदी पर आपत्तिजनक पोस्ट, युवक ने सांसदों-विधायकों को भी दी गाली

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करता था, साथ ही सांसदों और विधायकों के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणियां करता था। इस संबंध में शिकायतकर्ता शिशिर चतुर्वेदी ने थाने में तहरीर दी है। आरोप लगाया कि क्षेत्र निवासी नितिन विश्वकर्मा इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत और भारतीय संस्कृति के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है और अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर करता है। इसके अलावा, उस पर देश के प्रधानमंत्री के प्रति भी अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

# मायावती ने दलितों का सिर्फ इस्तेमाल किया: अजय राय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती ने दलित समाज का सिर्फ इस्तेमाल किया। फायदा उठाकर उसे छोड़ दिया। आज भी दलित और कमजोर तबका समाज के किनारे पड़ा है। कांग्रेस दलित समाज को जोड़ने का पूरा प्रयास कर रही है। हमारा प्रयास है कि हमारे कार्यकर्ता दलित बस्तियों तक पहुंचें और उनके बीच जाकर काम करें। लगातार उनके साथ खड़े रहें। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती को समता दिवस के रूप में मनाती रही है। यूपी प्रदेश कांग्रेस ने फैसला लिया है कि इस जन्म जयंती को हम भव्य रूप से मनाएंगे। जयंती की पूर्व संध्या पर 4 अप्रैल को एक बड़ी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में बाबू जगजीवन राम की बेटी और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमारी मुख्य वक्ता होंगी। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर रतनलाल दूसरे प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कांग्रेस के यूपी प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। अजय राय ने कहा बाबू जगजीवन राम के रक्षा मंत्री रहते हुए भारत ने 1971 में पाकिस्तान को घुटनों पर ला खड़ा किया था। फिर कृषि मंत्री रहते हुए देश में हरित क्रांति लाकर देश की समृद्धि में अनमोल योगदान दिया है। गोष्ठी में हम उनके कार्यों को याद करेंगे और उनके विचारों को जनदृजन तक पहुंचाएंगे। अजय राय ने एक पोस्टर भी दिखाया, जो इस खास मौके लिए तैयार किया गया है। पोस्टर से समता और न्याय का संदेश दिया जाएगा।अजय राय ने एक दर्दनाक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक दिन पहले एक सिपाही ने अदम्य साहस दिखाते हुए ड्यूटी के दौरान एक अपराधी को पकड़ने की कोशिश में ट्रेन की चपेट में आ गया। उसके दोनों पैर कट गए। कांग्रेस पार्टी की ओर से हम उनकी आर्थिक मदद करेंगे। अजय राय ने कहा कि देश और प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है।

# ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में लगी आग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मासूम समेत 5 लोग तेज लपटों में घिरे, सेकंड फ्लोर से कूदी युवती



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में आग लग गई। घर में परिवार के 6 लोग सो रहे थे। जैसे ही आग किचन से कमरों की ओर फैली, घर के लोग जाग गए। इस दौरान 22 साल लड़की दूसरी मंजिल से कूद गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने एक मासूम बच्ची सहित परिवार के 5 लोगों को सीढ़ियों से उतारा। इस दौरान मकान धू-धूकर जलता रहा। दुर्घटना गुरुवार तड़के करीब 3. 30 बजे सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट के पास हुई। यहां ज्वेलर अजय रस्तोगी (49) अपने परिवार के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। परिवार में उनकी पत्नी अनीता वर्मा (47), बेटा विनायक (16), विवाहित बेटी शीतल वर्मा (30), छह वर्षीय पोती विरानिका और घर में काम करने वाली तन्नू (22) हैं। ज्वेलर अजय रस्तोगी ने बताया कि मकान की तीसरी मंजिल पर किचन है। वहीं, शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हमें तो पता भी नहीं चला। पड़ोसियों ने शोर मचाया तब हम लोगों की नींद खुली। मैंने सीसीटीवी से देखा तो सच में तीसरी मंजिल में आग लगी हुई थी। बेटी तन्नू आग देखते ही दूसरी मंजिल से कूद गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो और आलमबाग से एक दमकल गाड़ी कुछ ही देर में आ गईं। दमकल कर्मचारियों ने सीढ़ी लगाकर हम पांच लोगों को नीचे उतारा। हमारा पालतू डॉगी भी हमारे साथ फंस चुका था। फायर ब्रिगेड ने उसे भी बाहर निकाल लिया। घटना के दौरान घबराकर बेटी तन्नू दूसरी मंजिल से कूद गई, जिससे वह घायल हो गई। उसे तुरंत सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस दुर्घटना में मेरे परिवार के सभी लोग सुरक्षित हैं। घर का काफी सामान जल गया है। दमकल विभाग की तत्परता से हम सुरक्षित रहे। टिनशेड चटचट बोल रही थी। मैंने जैसे ही दरवाजा खोला तो आग का एक गोला तेजी से बाहर आया। यह देखते ही मैं पीछे की ओर हो गया। मैं पुलिस को सूचना दी। यहां फायर ब्रिगेड, पुलिस ने जितना काम किया, उससे ही हम लोग बच पाए। इस पूरे अग्निकांड में हमारा करीब पौने दो करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। लिफ्ट पूरी जल गई। करीब 7 एसी लगे हुए थे, वे सब भी जल गए। राहत की बात है कि फायर ब्रिगेड ने हम लोगों को कुछ नहीं होने दिया। अजय ने मकान में पहले फ्लोर में प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस बना रखा है। सेकंड फ्लोर में परिवार रहता है। थर्ड फ्लोर में किचन है। हर फ्लोर पर जाने के लिए लिफ्ट लगी है। ज्वेलर होने के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करते हैं। एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना देने वाले को कॉल पर बता दिया गया कि सारे खिड़की-दरवाजे खोल दें। इसके बाद सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो आलमबाग फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ी लेकर पहुंचे। तब तक घर से एक लड़की बगल वाली खिड़की से कूद चुकी थी। फायर टेंडर के ऊपर सीढ़ी लगाकर घर के अंदर मौजूद कुत्ते और सभी पांच लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। अगर समय से हम लोग न पहुंचते तो बड़ी घटना हो सकती थी। लेकिन हमारी दमकल टीम का प्रयास काफी सराहनीय रहा। इनकी वजह से सभी लोग सकुशल बच गए।

### वेतन के लिए वी विन लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों का प्रदर्शन, पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वी विन लिमिटेड कंपनी के 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। वे गोमतीनगर स्थित ऑफिस साइबर टावर से निकलकर लोहिया पथ पर नारेबाजी करते हुए बढ़ने लगे। इस दौरान कई कर्मचारी रो रहे थे। करीब 4.5 किलोमीटर पैदल चलने के बाद उन्हें पुलिस समतामूलक चौक के पास रोक लिया। कर्मचारियों का कहना था कि 15 हजार रुपए की सैलरी का वादा करके 7000-8000 रुपए दिए जा रहे हैं। दो महीने की सैलरी भी रोककर दी जा रही है। कंपनी के ऑफिस में काम के लिए जाते वक्त बाहर ही सबके फोन जब्त कर लिए जाते हैं। घर में कोई भी इमरजेंसी आ जाए, हम लोग जब काम करके लौटेंगे तभी जान पाएंगे। करीब 1 घंटे की बातचीत के बाद पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन के कर्मचारियों को मना लिया। 5 कर्मचारियों को मुख्यमंत्री से मिलाने ले जाया जा रहा है। वहीं, अन्य सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल सीएम हेल्पलाइन के कार्यालय गोमतीनगर के साइबर टॉवर भेज दिया गया है।

# अखिलेश यादव का आरोप, भाजपा से मिला है निर्वाचन आयोग, कार्यकर्ताओं से की सतर्क रहने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों में चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार स्थापित करने के लिए ऐसी साजिशों का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद यहां प्रेसवार्ता में यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) मुद्दे को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, 2024 में इन सभी साथियों ने मिलकर पीडीए की आवाज उठाई थी और जन सहयोग से सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया था। अखिलेश यादव ने कहा, हम दृढ़ संकल्पित हैं कि आने वाले समय में हम मिलकर पीडीए सरकार बनाएंगे और राज्य स्तर पर सामाजिक न्याय स्थापित करेंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दावा किया, हमारी जानकारी में है कि जैसे ही अन्य राज्यों में चुनाव खत्म होंगे, भाजपा की पूरी मशीनरी उत्तर प्रदेश की ओर रुख करेगी। हम करीब से देख रहे हैं कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां निर्वाचन आयोग और भाजपा मिलकर कैसे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम अपने संगठन से अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और यह सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर काम करें कि राज्य में एक प्रगतिशील समाजवादी सरकार बने। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, वे अच्छे दिन लाने में नाकाम रहे, लेकिन जनता को अब एहसास हो गया है कि उनके बुरे दिन खत्म होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए यादव ने चुनाव के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, जब चुनाव की घोषणा की जाती है, तो अधिकारियों से चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने की उम्मीद की जाती है। पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित कई शीर्ष अधिकारियों को हटा दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा, हमारा सवाल है - पिछले उत्तर प्रदेश चुनावों के दौरान, क्या समाजवादी पार्टी की बार-बार शिकायतों के बावजूद इतने सारे अधिकारियों को हटा दिया गया था? उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा, भाजपा राज में भ्रष्टाचार के कारण कई अधिकारी नाखुश हैं। वे दबाव में हैं और उनसे (भाजपा द्वारा) काम लेने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने भाजपा से संबंध का आरोप लगाते हुए हाल में कानपुर में गुर्दे किडनी से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया, हालांकि उन्होंने विशेष विवरण नहीं दिया। यादव ने कहा कि भाजपा किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, डीजल, पेट्रोल, खाद और बीज की बढ़ती कीमतों के कारण किसान संघर्ष कर रहे हैं। खासकर किसानों को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी भविष्य में किसानों की उपज के लिए बेहतर मुआवजा और उचित मूल्य सुनिश्चित कर सकती है। दादरी में पार्टी की हालिया राजनीतिक रैली पर टिप्पणी करते हुए, यादव ने कहा, श्शदादरी में रैली के बाद सरकार की भाषा बदल गई है। वहां मिले समर्थन ने भाजपा को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर समाजवादी पार्टी के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई परियोजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उन्होंने कहना शुरू कर दिया है कि उन्होंने मेट्रो शुरू की, जबकि जनता सच्चाई जानती है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में गांजा (कैनबिस) की बरामदगी पर कटाक्ष करते हुए, यादव ने कहा, जब से वे सत्ता में आए हैं, अवैध गतिविधियां बढ़ गई हैं। अब इतना धुआं है कि ऐसा लगता है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म भी इस पर श्रृंखला बनाना शुरू कर सकते हैं।

# लखनऊ में ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर शहीद खामनेई की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय की ओर से हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़ा में बुधवार की देर रात को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यह सभा ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई साहब की स्मृति में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में ईरान के सर्वोच्च नेता भारत डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही,दिवंगत खामनेई के प्रतिनिधि ने उनकी शहादत के बाद पहली बार लखनउ का दौरा किया और छोटा इमामबाड़ा में मौजूद अकीदतमंदों को संबोधित किया। इस दौरान आल इंडिया शिया पसर्नल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने डा. आयतुल्लाह अब्दुल मजीद हकीम इलाही को पत्र सौंपकर स्ट्रेट आफ होरमुज से भारतीय जहाजों को गुजरने की अनुमति की मांग की है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में लक्ष्य से अधिक लोन वितरित कर जौनपुर सबसे आगे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में पौने चार लाख से अधिक युवाओं ने किया आवेदन
- पिछले एक साल प्रदेश भर के एक लाख 45 हजार से अधिक युवाओं को वितरित किया गया लोन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश भर में पौने चार लाख से अधिक आवेदन आए, जबकि योगी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 1.5 लाख ऋण वितरण का लक्ष्य रखा था। आंकड़ों से साफ है कि सीएम युवा योजना युवाओं को आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है, जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ व तीसरे स्थान पर हरदोई है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.5 लाख लक्ष्य के सापेक्ष पूरे प्रदेश से तीन लाख 86 हजार 092 युवाओं ने ऋण के लिए आवेदन किया। इनमें तीन लाख 30 हजार 441 आवेदनों को बैंक को अग्रसारित किया गया। एक लाख 45 हजार 454 आवेदनों को बैंक ने लोन देने पर स्वीकृति दी। अब तक एक लाख 38 हजार 304 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। सीएम युवा योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को अभियान के तहत दो हजार 700 युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया था। इसके सापेक्ष नौ हजार 785 आवेदन प्राप्त हुए। उनमें आठ हजार 406 आवेदन बैंकों को भेजे गए। इनमें चार हजार 092 आवेदकों को ऋण वितरित किया जा चुका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष 151.56 प्रतिशत ऋण वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि लक्ष्य से अधिक ऋण वितरित कर जौनपुर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। पूरे वित्तीय वर्ष जौनपुर की स्थिति पहले स्थान पर बनी रही। आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सीएम युवा योजना का लाभ देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। योजना का लाभ देने में अप्रैल 2025 से पहले आजमगढ़ जिला 25वें स्थान पर था। अप्रैल के बाद योजना का लाभ हर जरूरतमंद युवा तक पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तर पर लगातार वर्कशाप आयोजित की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बैंकर्स और आवेदकों को आमने-सामने बैठाकर काउंसिलिंग करायी जा रही है। यही वजह है कि पिछले कई माह से आजमगढ़ योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आजमगढ़ को योजना के तहत दो हजार 700 ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष आठ हजार 871 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सात हजार 751 आवेदनों को बैंक भेजा गया, जिसमें चार हजार 049 को ऋण वितरित किया जा चुका है। इस तरह लक्ष्य की तुलना में 149.96 प्रतिशत सफलता हासिल कर आजमगढ़ पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर रहा है। हरदोई के जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला कर सीएम युवा योजना का लाभ दिया जा रहा है। हर माह बैंकों के साथ बैठक की जा रही है, ताकि आवेदकों की किसी भी समस्या को तत्काल दुरुस्त किया जा सके। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में हरदोई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हरदोई को वित्तीय वर्ष 2025-26 में दो हजार 900 ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 11 हजार 977 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से नौ हजार 701 आवेदनों को बैंक भेजा गया, जिसमें तीन हजार 226 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। इसके अलावा झांसी ने चौथा और लखीमपुर खीरी ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। योजना का लाभ देने में अंबेडकर नगर, बहराइच, चित्रकूट और बलिया का भी प्रदर्शन अच्छा रहा है।

# डेटॉल ने लॉन्च किया नया कैंपेन मां की सुरक्षा की भावना को किया सेलिब्रेट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। डेटॉल भारत का प्रमुख जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड, अपने आइकॉनिक डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड के लिए एक नया भावनात्मक कैंपेन लेकर आया है। यह कैंपेन भावनाओं पर आधारित कहानी के जरिए परिवारों के साथ ब्रांड के जुड़ाव को मजबूत करता है और इसकी बेजोड़ सुरक्षा को उजागर करता है। मां की सहज देखभाल की भावना पर आधारित यह कैंपेन एक सरल संदेश देता है मां और डेटॉल जैसी सुरक्षा कोई नहीं देता। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए रेकिट साउथ एशिया के ईवीपी रीजनल डायरेक्टर गौरव जैन ने कहा रेकिट में हम मानते हैं कि हमारी जिम्मेदारी केवल उत्पाद उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है हम एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए यहां हैं जहां लोग सुरक्षित महसूस करें, संरक्षित रहें और एक-दूसरे की देखभाल करने के लिए सक्षम बनें। डेटॉल इस मिशन के केंद्र में है। इसकी विरासत कई पीढ़ियों तक फैली हुई है और यह भारत के घरों में एक शांत लेकिन भरोसेमंद साथी बन चुका है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो सिर्फ जरूरत के समय ही नहीं, बल्कि भावनात्मक पलों में भी साथ होता है जब मां का सहज भाव जाग उठता है, जब बच्चे के आंसू बहादुरी के पीछे छिपे होते हैं, जब सुरक्षा सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि गहराई से व्यक्तिगत भी होती है। यह कैंपेन उसी नाजुक और मानवीय सच्चाई को दर्शाता हैः एक मां बिना कहे ही दर्द को महसूस कर लेती है, और डेटॉल उसे देखभाल और आत्मविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देने की ताकत देता है। मां का सहज भाव और डेटॉल की सुरक्षा मिलकर एक ऐसा रिश्ता बनाते हैं, जिस पर पीढ़ियों से भरोसा किया गया है और आने वाले वर्षों में भी किया जाता रहेगा।

# सवायजपुर विधानसभा के बरबन और लखनौर में रामलीला मंच समेत 3.73 करोड़ की विकास परियोजनाओं को मंजूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना


विधायक सवायजपुर, माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू'

**हरदोई।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड बावन के ग्राम बरबन और विकास खंड भरखनी के ग्राम लखनौर में प्रदेश के संस्कृति मंत्रालय द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन गांवों में रामलीला मंच सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति के साथ 33 लाख रुपए भी आवंटित कर दिए गए है।

विधायक सवायजपुर, माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' के प्रयासों से मिली इस मंजूरी में करीब 3.73 करोड़ रुपये (373 लाख रुपये) की लागत से प्रस्तावित इन योजनाओं के तहत दोनों गांवों में रामलीला मंच का निर्माण किया जाएगा। जिससे स्थानीय स्तर पर श्रीराम लीला और अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का विधिवत संचालन संभव हो सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक परंपराओं को सशक्त आधार मिलने के साथ.साथ सामाजिक एकजुटता भी बढ़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि डॉ० रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत केवल मंच निर्माण ही नहीं, बल्कि आयोजन से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इनमें संत निवास (आवासीय सुविधा), कलाकारों के लिए चेंजिंग रूम, पेयजल तथा दर्शकों और आयोजनों के लिए उपयुक्त आधारभूत संरचना का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जनरेटर और सोलर लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे रात्रिकालीन आयोजनों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। स्थानीय लोगों में इन परियोजनाओं को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि इन विकास कार्यों से न केवल धार्मिक आयोजनों को नया स्वरूप मिलेगाए बल्कि गांवों की पहचान और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती मिलेगी।

# गांधी भवन की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने हेतु दुकानों का कराया जायेगा निर्माणः जिलाधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** गांधी भवन जनकल्याण समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि गांधी भवन के साज-सज्जा एवं बेहतर रख-रखाव के लिए समिति की आय में बढोत्तरी करने हेतु गांधी भवन के किनारे टीन शेड दुकानों के निर्माण कराया जायेगा और यह दुकाने फोटो स्टेट, कापी-किताब, खादी भण्डार, मेडिकल स्टोर आदि के लिए दी जायेगी। इस पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, समिति के लल्लू दादा, अविनाश गुप्ता, राम प्रकाश शुक्ला सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## सम्मान पाकर गदगद हुए छात्र-छात्राएं, आदर्श जीवन जीने का लिए संकल्प



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना (हरदोई)।** विकास खण्ड के अंतर्गत ग्रामसभा कामीपुर के मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल में सत्र 2025.26 में वार्षिकोत्सव परीक्षाफ्ल वितरण एवं विद्यालय की अंतिम कक्षा उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआए जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रत्येक कक्षा के टॉप-3 छात्र.छात्राओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सत्र के सर्वाधिक उपस्थित छात्र, आज्ञाकारी छात्र और अनुशासित विद्यार्थी को भी मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय ने खेल जगत में जनपद स्तर तक नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों, राष्ट्रीय विज्ञान क्विज के विजेताओं और राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित तीनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने अपनी रसोईया टीम को भी वस्त्र भेंट कर उनके योगदान को सराहा। समारोह के अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां बांटी और कक्षा आठ के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार शुक्ला सहायक अध्यापक प्रशांत मिश्रा रोली देवी नेहा वर्मा सरोजकांत तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा!

## हरदोई में सपा में घमासान, खुलकर सामने आए मतभेद

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** जनपद में समाजवादी पार्टी के भीतर चल रही खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने जिला अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष को खुली चुनौती देते हुए पार्टी संगठन में हलचल मचा दी है। नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव सपा टिकट पर लड़ चुके रामज्ञान गुप्ता ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए स्पष्ट कहा कि कोई भी पदाधिकारी टिकट दिलाने के नाम पर किसी से धन की मांग न करे। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि किसी भी व्यक्ति से टिकट के नाम पर चंदा वसूली की शिकायत उन्हें मिलीए तो संबंधित जिला अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। रामज्ञान गुप्ता के इस बयान के बाद सपा के अंदरूनी मतभेद सतह पर आ गए हैं और जिले की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच इस मुद्दे को लेकर तरह.तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जिससे संगठन की स्थिति पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस पूरे मामले पर क्या रुख अपनाता है और क्या इस बयान के बाद संगठन में कोई बड़ा फैसला लिया जाता है।




# हनुमान जन्मोत्सव पर गूंजा भक्ति का महासागरः सुंदरकांड पाठ और भव्य भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

■ एस०एस०एन० जनकल्याण समिति ने किया आयोजन, बोले संस्थापक प्रत्येक माह होगा भंडारे का आयोजन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एस एस एन जनकल्याण समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान वातावरण जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन, प्रदेश महासचिव कल्पना तिवारी दीक्षित, जिला अध्यक्ष डॉ० सोहिनी दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकताए सेवा और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। संस्थापक अरविंद सिंह एडवोकेट ने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना ही नहीं, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना भी है। उन्होंने जानकारी दी कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को नियमित रूप से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रसाद ग्रहण कर सकें और सेवा कार्यों से जुड़ सकें। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के कार्यकर्ताओं ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में जिला महासचिव पूनम सिंह, प्रदेश कॉर्डिनेटर गीता शर्मा, जिला कॉर्डिनेटर अनीता मिश्रा, पिंकी यादव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इसी क्रम में श्रीराम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी हरदोई में श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैत्र मास शुक्ल पक्ष तिथि पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जी महाराज का जन्म हुआ था उसी उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष सभी सनातनी भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मानते हैं। सभी भक्तों ने अपने.अपने ढंग से श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन वंदन व प्रार्थना स्तुति कर अपने अपने परिवार के कुशलता, सुख समृद्धि, संपन्नता व शांति के लिए हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की । सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ बड़े भक्ति भाव से किया। हनुमान जी महाराज का पूजन व महा अभिषेक सपत्नीक राकेश अग्रवाल मीरा अग्रवाल ने दूध दही घी मधु और चीनी तथा पंचामृत से महाअभिषेक व स्नान कराया। पूजन वैदिक मंत्र द्वारा षोडशोपचार विधि से पुजारी मैथिली शरण शास्त्री ने संपन्न कराया । हनुमान जी का अद्भुत श्रंगार हुआ। छप्पन भोग लगाकर नैवेद्यअर्पण किया गया। जन्म की महारती हुई इसके बाद प्रार्थना स्तुति भजन एवं बधाई गाये गए।। जियो जियो महारानी अंजनी तेरो लाल। राम रंगीले परम हठीले महासंभु प्रगट्यो तेरो बाल।। उसके बाद में जियो सुत तेरो केसरी रानी। पुत्र सपूत दूत सियावर को राम रसिक रस सानी।। आदि भजनों के द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया गया व प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी जी ने सभी भक्तों को जन्म दिवस की बधाई दी। सहयोग में पंडित विनीत पांडे एवं पंडित श्याम सुंदर शुक्ला रहे।

इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, गुड्डू, राकेश शुक्ला, आदित्य गुप्ता, गिरजा शंकर गुप्ता, सुरेश दीक्षित, प्रमोद गुप्ता, राजू गुप्ता, पूनम गुप्ता, आशा गुप्ता, रमेश मंत्री, खुशीराम गुप्ता, आदि अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर बाइक सवार की मौत, अज्ञात चालक पर रिपोर्ट

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली छेत्र के ग्राम लोनी शुगर यूनिट कर्मचारी की गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से हुई मृत्यु के मामले में मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। मृतक के पिता कन्हैया लाल विश्वकर्मा के अनुसार उसका पुत्र शिवम विश्वकर्मा लोनी शुगर यूनिट के शाहाबाद कस्बे के ऑफिस में कार्यरत था और फैक्ट्री में बने आवास में रहता था। ०6 दिसम्बर 25 की रात करीब ०9:30 बजे उसका पुत्र ऑफिस से कार्य समाप्त कर बाइक संख्या यूपी 16 ई बी 7941 से फैक्ट्री आवास वापस लौट रहा था। नगरिया मोड़ पर आगे चल रहे तेज रफ्तार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से उसका पुत्र बाइक सहित ट्राली से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा 108 एम्बुलेंस से उसे सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसके पुत्र की मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा उसके पुत्र के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## 17वां साईं स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव शोभा यात्रा भंडारा व विशाल जागरण का होगा आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ (हरदोई)।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 3 अप्रैल दिन शुक्रवार को सांई बाबा मंदिर एवं माता मान देवी मंदिर श्यामपुर में 17 सांई स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव साईं पालकी शोभायात्रा भंडारा एवं विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा में दूर-दूर से भक्त लोग सांई बाबा के दर्शन के लिए आते हैं और पालकी यात्रा में शामिल होते हैं हजारों भक्त की भीड़ मंदिर में एकत्रित होती है और और पूरे मल्लावा में भ्रमण कराया जाता है जागरण रात्रि ०8:00 बजे से मां अंबे जागरण ग्रुप कानपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा माता रानी जागरण व सांई बाबा के गुणगान का विशेष आकर्षण अतुल सांवरे ग्रुप कानपुर द्वारा झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी सांई की पालकी में किस्मत वाले ही साथ रहते हैं और बाबा उनके कष्टों को दूर करते हैं इस कार्यक्रम का आयोजन समस्त भक्तगण कर रहे हैं इसके व्यवस्थापक गौरव सोनी व सियाराम अर्कवंशी हैं।

### हरदोई में बढ़ती गर्मी से जनजीवन प्रभावित

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** शहर में इन दिनों गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान में हो रही बढ़ोतरी के चलते आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग में भी तेजी आई हैए जिससे कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या देखने को मिल रही है। वहींए जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों मे डिहाइड्रेशन से पीड़ित मरीजों आ रहे है। रानी कटियारी के वरिष्ठ डॉक्टर सन्दीप कटियार ने लोगों को सलाह दी है कि वे धूप में निकलने से बचेंए अधिक से अधिक पानी पिएं और सिर को ढककर ही बाहर जाएं।

## मारपीट में महिला सहित पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कस्बे के मोहल्ला पठकाना निवासी युवक के साथ मारपीट के मामले में पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट करने और जान माल की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पीड़ित सुमेन्द्र मिश्रा पुत्र शैलेन्द्र मिश्रा के अनुसार उसके दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को मोहल्ले के नन्हे शुक्ला पुत्र प्राणनाथ शुक्ला, मुन्नी देवी पत्नी रामशंकर और मुन्नी देवी के पुत्रों राहुल, छोटू, सूरज द्वारा कई बार तोड़ दिया गया। एक अप्रैल को पीड़ित ने कैमरा तोड़ने का उलाहना देते हुए भविष्य में तोड़ने से मना किया तो आरोपियों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया गया और उसे जान से मार डालने की धमकी दी गई। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## एंटी रोमियो टीम ने अश्लील फबतियाँ कसने वाले मनचले को किया गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली की एंटी रोमियो टीम ने बुधवार की शाम को बस स्टैंड चौराहे से राहगीर महिलाओं पर अश्लील फबतियाँ कसने वाले मनचले को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मिशन शक्ति योजना के तहत एंटी रोमियो टीम के साथ टहल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने बस स्टैंड चौराहा मौलागंज से मझिला थाना के ग्राम आदम पुर निवासी शैलेन्द्र पुत्र हरीराम को आती जाती महिलाओं और युवतियों पर अश्लील फबतियाँ कसते हुए मौके पर गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान का दिया गया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद (हरदोई)।** गुरुवार को विकास खंड शाहाबाद के दरियापुर बलभद्र गांव में नवीन शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बलराम यादव ने की। इस अवसर पर गांव के उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ **स्कूल चलो अभियान** का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बलराम यादव ने अपने संबोधन में समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को विद्यालय तक लाना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं अनुराग अवस्थी ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और गणवेश धारण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई रैली में सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर रत्नेश यादव, अवधेश पांडे, विद्यालय का समस्त स्टाफ, सम्मानित अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक

**मल्लावाँ (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना मल्लावां मिशन शक्ति/एंटीरोमियो टीम द्वारा सोबरन लाल वर्मा इंटर कॉलेज गंगारामपुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई में महिलाओ व बालिकाओं को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन किया गया व महिलाओ को पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930, 181, 108, 102, आदि की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। छोटी बालिकाओं को गुड टच, बैड टच के बारे मे बताया गया। महिलाओ व बालिकाओं को साइबर आपराध के बारे मे जानकारी देकर बचाव के उपाय भी बताये गये व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे भी जानकारी दी गयी। इस दौरान उ0नि0 आकाश शर्मा, म0का0 पूनम वर्मा म0का0 ज्योति शुक्ला मौजूद रही।

## हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज (हरदोई)।** कस्बे में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के आलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरों व मंदिरो पर भक्तो ने हनुमान चालीसा का पाठकर किया व विधि विधान से पूजन किया। तिकुनिया पार्क स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बड़े मंदिर और बाला जी मंदिर, पानी की टंकी के निकट सर्वेशवरा नन्द आध्यात्मिक केंद्र में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तजन भक्ति रस में डूबकर हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। चौराहे पर सिंह द्वार के पास हनुमान भक्तों द्वारा राहगीरों को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, राकेश सिंह, रविंद्र गुप्ता, मनु गुप्ता, भोला गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अनेक हनुमान भक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर उत्साह और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला।

## किशोरी और दो युवतियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग गांव से एक किशोरी और दो युवतियों के लापता होने के मामले में परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। पहली घटना में पीड़ित पिता के अनुसार उसकी नाबालिग पुत्री को 30 मार्च की रात उसका बड़ा दामाद शाहजहांपुर जनपद के रौजा थाना के ग्राम तिहार निवासी नजीम पुत्र रियासत बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। शौच के लिए कहकर घर से गयी थी। उसकी पुत्री घर में रखी एक तोला की सोने की झुमकी, चांदी की पायल और 57000 रूपए नगद अपने साथ ले गई। **दूसरी घटना में** पीड़ित पिता के अनुसार 26 मार्च की रात उसकी पुत्री को शाहजहांपुर जनपद के कांट थाना क्षेत्र के ग्राम रेसब निवासी चंदन पुत्र सुखलाल बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। उसकी पुत्री का 8 अप्रैल को विवाह होना था। उसने काफ़ी तलाश किया लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चल सका। एक अन्य घटना में पीड़ित माँ के अनुसार उसकी 20 वर्षीय पुत्री को 27 मार्च की दोपहर में शाहजहांपुर जनपद के तिलहर थाना छेत्र के ग्राम गुआरी निवासी शिवम पुत्र गंगा प्रसाद अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी उसके गांव निबासी युवक के साले का पुत्र है और अक्सर गांव आया करता था। उसने अपनी पुत्री को काफ़ी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और युवतियों की तलाश शुरू कर दी है।

# छात्रों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए

**हरपालपुर (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थाना पुलिस ने गुरुवार को ककरा स्थित मुनेश्वर सिंह इंटर कॉलेज में छात्रों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक अंजना सचान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल साइबर ठग बेहद चतुर और तकनीकी रूप से दक्ष हो गए हैं। वे खुद को बैंक अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या कोई प्रतिष्ठित व्यक्ति बताकर फोन, वीडियो कॉल या मैसेज के माध्यम से लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल, आधार, पैन और पासवर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं। उन्होंने विशेष रूप से चेताया कि किसी अज्ञात कॉलर को अपनी पहचान न बताएं। बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी या पासवर्ड की जानकारी किसी भी हाल में साझा न करें। वीडियो कॉल पर यदि कोई खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पूछताछ करे या बैंक डिटेल मांगेए तो सावधान हो जाएं। यह होम अरेस्ट फ्रॉड का हिस्सा हो सकता है। ऐसी कॉल या मैसेज आने पर तुरंत कॉल काटें और पुलिस को सूचित करें। उप निरीक्षक ने बताया कि जागरूकता ही साइबर ठगों से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने परिजनों और गांव के अन्य लोगों को भी इस बारे में जागरूक करें।



### धार्मिक अनुष्ठानों और कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**हरपालपुर (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर गुरुवार को समूचा क्षेत्र बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कस्बे की नया अस्पताल वाली गली स्थित गौरव प्रिंटर्स पर गौरव द्विवेदी के संयोजन में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहाँ हनुमान जी की विशेष पूजा.अर्चना के पश्चात राहगीरों और श्रद्धालुओं को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर शुभम शुक्लाए अतुल द्विवेदीएआशुतोष मिश्राए सिद्धार्थ द्विवेदीए आकाश शर्माए विमलेश सिंहए अतुल सिंहए गोपाल पांडेए छोटू मिश्रा व भानु सक्सेना सहित तमाम युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया।वहींए क्षेत्रीय ग्राम पलिया में भी जन्मोत्सव की भारी धूम रही। गांव में कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तिमय भजनों और सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।



### मोहिउद्दीनपुर में बिजली रहेगी बंद, पावर हाउस ने दी सूचना

**मल्लावाँ (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 17 में मिक्सर मशीन द्वारा सिलेप पड़नी है जिस कारण से सड़क के ऊपर से निकलने वाली लाइन दिक्कत कर रही है सुनील कुमार के अनुसार उनकी सिलेप 3 अप्रैल को पड़नी है उन्होंने यह प्रार्थना पत्र पावर हाउस आकर जय एहतेशाम अहमद को दिया जे०ई० एहिएसाम अहमद ने बताया कि कोई अनहोनी न इससे बचाने के लिए 3 अप्रैल को बिजली 5 घंटे बंद रहेगी।

# पिहानी कोतवाली का बदला स्वरूप

**पिहानी (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पिहानी कोतवाली का स्वरूप आगामी विभागीय निरीक्षण से पहले पूरी तरह बदल गया है। परिसर की साफ-सफाई और साज-सज्जा के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। कोतवाली परिसर में प्रवेश द्वार पर फूलों की क्यारियां और गमले लगाए गए हैं। सभी कार्यालय भवनों और मुख्य इमारत को आकर्षक रंगों से रंगा गया है, जिससे यह नया प्रतीत होता है। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारा गया है। अभिलेख कक्ष से लेकर कार्यालय की मेजों तक हर जगह स्वच्छता सुनिश्चित की गई है। कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर को भी साफ-सफाई कर व्यवस्थित किया गया है। पुलिसकर्मियों के लिए बनी बैरकों को भी पूरी तरह से स्वच्छ और सुव्यवस्थित किया गया है। यह कायाकल्प आगामी विभागीय निरीक्षण के मद्देनजर किया गया है। इसका उद्देश्य विभागीय मानकों को पूरा करने के साथ-साथ फरियादियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

# जहरीले वैवाहिक रिश्ते आखिर क्या है हल?

आजकल पति-पत्नी के रिश्ते में तनाव वैवाहिक जिंदगी को जहरीला बना रहा है यह भारतीय परिवारों के टूटने का एक बड़ा कारण बन गया है। ऐसा क्यों हो रहा है? आधुनिक समय में पुरुषों और महिलाओं की भूमिकाएं बदल रही हैं। अतीत में परंपरागत रूप से पति को परिवार का आर्थिक सहारा और पत्नी को घर का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी दी जाती थी। आज, दोनों पक्ष समान रूप से काम और परिवार की जिम्मेदारियों को सांझा करते हैं, जिससे अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा हो सकता है। पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी एक बड़ा कारण है। यदि दोनों पक्ष अपनी भावनाओं, चिंताओं और अपेक्षाओं को खुलकर नहीं बताते, तो गलतफहमियां बढ़ती हैं। इससे रिश्ते में दूरी बढ़ सकती है और तनाव पैदा हो सकता है। वैवाहिक रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि दोनों में से किसी एक या दोनों को एक-दूसरे के प्रति शक या अविश्वास महसूस होने लगे, तो यह रिश्ते को खतरनाक बना सकता है। ऐसे मामलों में घर, जो एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए, वही तनावपूर्ण और घातक बन जाता है। जब दोनों पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को सांझा नहीं करते या एक-दूसरे के प्रति अन्यायपूर्ण व्यवहार करते हैं, तो यह रिश्ते में झगड़ों का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, यदि पति परिवार के लिए पैसा कमाने में व्यस्त रहता है और पत्नी को घर का सारा काम संभालना पड़ता है, तो यह असंतोष का कारण बन सकता है। जब पति या पत्नी में से कोई भी हर स्थिति में 'सही' होने का वहम रखता है, तो यह रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकता है। एक स्वस्थ रिश्ते में दोनों पक्ष एक-दूसरे की गलतियों को स्वीकार करने और सुधार करने के लिए तैयार होते हैं लेकिन जब कोई भी खुद को हमेशा सही मानने लगे, तो यह रिश्ते को खतरनाक बना देता है। आज की तेजी से बदलती जीवनशैली और काम के दबाव के कारण पति-पत्नी के बीच समय बिताने का अवसर कम होता जा रहा है। इससे दोनों पक्षों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ सकती है, जो रिश्ते को कमजोर कर सकती है। कई बार, पति-पत्नी के बीच रिश्ते परिवार या समाज के दबाव के कारण तनावपूर्ण हो जाते हैं। जैसे, सास-बहू के बीच झगड़े, बच्चों की पढ़ाई या शादी जैसे मुद्दे भी रिश्ते को प्रभावित कर सकते हैं। वर्तमान में घरेलू हिंसा के मामले भी बढ़ रहे हैं। यह न केवल पति-पत्नी के रिश्ते को खतरनाक बनाता है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, हर 11वें मिनट में एक महिला का कत्ल हो जाता है, जो इस बात का सबूत है कि घरेलू रिश्ते कितने खतरनाक हो सकते हैं। शादीशुदा जिंदगी में तकरार और गलतफहमियां आम बात हैं, लेकिन जब बात बार-बार तानों और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बातों तक पहुंच जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। एक व्यक्ति ने सवाल किया कि उसकी पत्नी अक्सर कहती है कि वह किसी लायक नहीं है और उससे शादी करके उसने अपनी जिंदगी बर्बाद कर ली। ऐसे में वह क्या करे, ताकि रिश्ता बेहतर हो सके? जहरीले वैवाहिक रिश्ते सुधारने का आखिर क्या हल है? मनोविज्ञान के मुताबिक, किसी भी रिश्ते की नींव खुली और ईमानदार बातचीत होती है। पति को चाहिए कि वह शांति से पत्नी से बात करे और यह समझने की कोशिश करे कि उसकी नाराजगी की असली वजह क्या है। बिना टोके और बिना जज किए बात सुनना रिश्ते में भरोसा बनाने की पहली शर्त है। रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए आत्मसम्मान जरूरी है। कम्युनिकेशन स्किल, संवेदनशीलता और समझदारी पर काम करना आपको एक बेहतर जीवनसाथी बना सकता है। छोटे बदलाव भी रिश्ते में बड़ा फर्क ला सकते हैं। रिश्ते में अपनापन बनाए रखने के लिए छोटे-छोटे कदम बहुत मायने रखते हैं। प्यार भरे शब्द, सहयोग और सम्मान जताने से सामने वाले को यह महसूस होता है कि वह रिश्ते में अहम है। साथ ही, धैर्य रखना भी जरूरी है क्योंकि बदलाव वक्त लेता है। पति-पत्नी दोनों यह सोचें कि क्या रिश्ते में भरोसे, सम्मान या आपसी तालमेल से जुड़ी कोई गहरी समस्या है? जब तक असली वजह सामने नहीं आएगी, समाधान मुश्किल रहेगा। अगर हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और तनाव बढ़ता जा रहा है, तो कपल काउंसलिंग से हिचकना नहीं चाहिए। शादी को बेहतर बनाना दोनों की जिम्मेदारी होती है।

**अतीत में परंपरागत रूप से पति को परिवार का आर्थिक सहारा और पत्नी को घर का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी दी जाती थी। आज, दोनों पक्ष समान रूप से काम और परिवार की जिम्मेदारियों को सांझा करते हैं, जिससे अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा हो सकता है। पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी एक बड़ा कारण है। यदि दोनों पक्ष अपनी भावनाओं, चिंताओं और अपेक्षाओं को खुलकर नहीं बताते, तो गलतफहमियां बढ़ती हैं। इससे रिश्ते में दूरी बढ़ सकती है और तनाव पैदा हो सकता है। वैवाहिक रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि दोनों में से किसी एक या दोनों को एक-दूसरे के प्रति शक या अविश्वास महसूस होने लगे, तो यह रिश्ते को खतरनाक बना सकता है।**

# भारत के लिए मुद्रा योजना बनी सूक्ष्म उद्यमों की ताकत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की अर्थव्यवस्था की जड़ों में यदि किसी क्षेत्र की सबसे अधिक भूमिका है, तो वह है सूक्ष्म और लघु उद्यमों का विशाल नेटवर्क की। यही कारण है कि वर्ष 2015 में शुरू की गई ल्लप्रधानमंत्री मुद्रा योजनाङ्क ने बीते एक दशक में देश के करोड़ों लोगों को वित्तीय सहारा देने के साथ आर्थिक संरचना को भीतर से मजबूत करने का कार्य किया है। हालिया फैक्ट-शीट के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक 52.37 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनके माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है। वस्तुतः भारत में लंबे समय तक छोटे उद्यमियों के सामने सबसे बड़ी समस्या रही है कि बिना गारंटी के सुलभ ऋण की उपलब्धता कैसे संभव हो सकती है। पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था में जटिल प्रक्रियाओं और गारंटी की शर्तों के कारण छोटे कारोबारी अक्सर वित्तीय सहायता से वंचित रह जाते थे। ऐसे में मुद्रा योजना ने इस बाधा को तोड़ते हुए बैंक, एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के माध्यम से बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराकर उद्यमिता को नई दिशा दी। यही कारण है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वैश्विक संस्थाओं ने भारत में वित्तीय समावेशन की दिशा में इस प्रकार के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना है। विश्व बैंक की रिपोर्टों में यह स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय पहुंच का विस्तार आर्थिक असमानता को कम करने और विकास को समावेशी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। मुद्रा योजना की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है महिलाओं की बढ़ती भागीदारी। कुल ऋणों में लगभग 70 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जोकि यह दर्शाता है कि उक्त योजना सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम बनी है। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में महिलाएं अब स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं। नीति आयोग की विभिन्न रिपोर्टों में इस तथ्य को रेखांकित किया गया है कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने से समग्र विकास दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और सामाजिक संतुलन भी मजबूत होता है। इसी तरह, सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी यह योजना अत्यंत प्रभावी साबित हुई है। लगभग 50 प्रतिशत ऋण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को दिए गए हैं। वस्तुतः यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योजना ने आर्थिक अवसरों को समाज के उन वर्गों तक पहुंचाया है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्टों में भी इस बात पर बल दिया गया है कि समावेशी विकास के लिए वित्तीय संसाधनों का समान वितरण आवश्यक है और मुद्रा योजना इस दिशा में एक मजबूत कदम है। दरअसल योजना की संरचना को देखें तो इसे तीन प्रमुख श्रेणियों शिशु, किशोर और तरुण में विभाजित किया गया है, जिसे कि उद्यमों के विभिन्न विकास चरणों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। शिशु श्रेणी में 50 हजार रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं और कुल ऋणों का लगभग 78 प्रतिशत इसी श्रेणी में है। वस्तुतः यह दर्शाता है कि देश में बड़ी संख्या में लोग छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू कर रहे हैं। वहीं किशोर श्रेणी, जिसमें 50 हजार से पांच लाख रुपये तक के ऋण शामिल हैं। कुल संख्या का लगभग 20 प्रतिशत है, लेकिन राशि के लिहाज से इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। इससे यह संकेत मिलता है कि छोटे व्यवसाय अब विस्तार की ओर बढ़ रहे हैं। तरुण श्रेणी में पांच से 10 लाख रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं, जिसकी संख्या भले ही सिर्फ दो प्रतिशत है, किंतु कुल राशि में इसकी हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है, जोकि यह दर्शाती है कि विकसित हो रहे उद्यमों की पूंजी आवश्यकताएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकार ने इस योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 'तरुण प्लस' श्रेणी की शुरुआत की है जिसके तहत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह उन उद्यमियों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिन्होंने पहले मुद्रा ऋण लेकर अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक स्थापित किया है और अब उसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसके साथ ही 'क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स' के माध्यम से ऋण पर गारंटी कवरेज प्रदान किया जा रहा है, जिससे वित्तीय संस्थानों का जोखिम कम होता है और उद्यमियों को आसानी से ऋण मिल पाता है। यहां अच्छी बात यह है कि मुद्रा योजना का प्रभाव व्यक्तिगत स्तर तक सीमित न होकर इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव भी देखने को मिला है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, छोटे और सूक्ष्म उद्यम विकासशील देशों में रोजगार सृजन का सबसे बड़ा स्रोत होते हैं। भारत में भी इस योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इससे देश की बेरोजगारी में कमी आई है, साथ में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती मिली है। इसके अतिरिक्त, यह योजना असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बनी है। जब कोई उद्यमी बैंकिंग प्रणाली से जुड़ता है, तो उसका वित्तीय रिकॉर्ड तैयार होता है, जिससे उसे भविष्य में और अधिक वित्तीय अवसर प्राप्त होते हैं। विश्व आर्थिक मंच ने भी अपनी रिपोर्टों में भारत को डिजिटल और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में स्वीकार किया है और मुद्रा योजना इस परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह समग्र रूप से देखें और इसके बारे में कहें तो आज यही कहना होगा कि कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भारत की अर्थव्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन की नींव रखी है। यह योजना उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। आने वाले समय में यदि इसे कौशल विकास, डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाजारों से जोड़ दिया जाएगा तो यह भारत को विश्व की अग्रणी उद्यमशील अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। देखते हैं भारत सरकार अब इस बारे में क्या निर्णय लेती है!

**भारत में लंबे समय तक छोटे उद्यमियों के सामने सबसे बड़ी समस्या रही है कि बिना गारंटी के सुलभ ऋण की उपलब्धता कैसे संभव हो सकती है। पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था में जटिल प्रक्रियाओं और गारंटी की शर्तों के कारण छोटे कारोबारी अक्सर वित्तीय सहायता से वंचित रह जाते थे। ऐसे में मुद्रा योजना ने इस बाधा को तोड़ते हुए बैंक, एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के माध्यम से बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराकर उद्यमिता को नई दिशा दी। यही कारण है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वैश्विक संस्थाओं ने भारत में वित्तीय समावेशन की दिशा में इस प्रकार के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना है। विश्व बैंक की रिपोर्टों में यह स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय पहुंच का विस्तार आर्थिक असमानता को कम करने और विकास को समावेशी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। मुद्रा योजना की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है महिलाओं की बढ़ती भागीदारी। कुल ऋणों में लगभग 70 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जोकि यह दर्शाता है कि उक्त योजना सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम बनी है।**

# बजट से वोटबैंक बढ़ाने की कवायत

मनोज कुमार मिश्र

27 साल लंबे अंतराल के बाद दिल्ली की सत्ता पाने वाली भाजपा ने अपने दूसरे ही बजट में वह सारी घोषणाएं की है, जिससे उसके स्थाई वोट बैंक में बढ़ोतरी हो सके। लगातार तीन बार दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों और साल 2022 से पहले के तीन नगर निगम चुनाव जीतने वाली भाजपा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार छह बार पराजित रही लेकिन पिछले साल केवल ढाई फीसदी के अंतराल से चुनाव जीतकर सत्ता में आई। इसी 24 मार्च को 2026-27 का बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने इसे हरित बजट का नाम दिया। इस बजट में जिस तरह की दनादन घोषणाएं की गई हैं, उससे वास्तव में यह चुनावी बजट जैसा लगता है। अगले साल के आखिर में होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले दिल्ली सरकार का एक और बजट ही आ पाएगा। नगर निगम चुनाव 05 दिसंबर, 2022 को हुए थे। साल 2022 से पहले तीन नगर निगम चुनाव जीतने के बावजूद भाजपा का वोटबैंक नहीं बढ़ पा रहा है। इसमें अपवाद लोकसभा चुनाव ही है। जिसमें भाजपा को दिल्ली में औसत 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते रहे हैं। इस बजट का फोकस महिला वर्ग है। महिलाओं का समर्थन मिलने से ही बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई में लगातार राजग और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती रही है। इसी के बूते महाराष्ट्र में फिर से राजग की सरकार बनी। लाडली योजना के बजाए लखपति बिटिया योजना, बिहार की तर्ज पर 9 वीं की 1.30 लाख बच्चियों को मुफ्त साइकिल दी जाएगी। बजट पेश होने के साथ इस पर अमल करते हुए एक समारोह में 1100 बच्चियों को मुख्यमंत्री ने साइकिल बांटी। इस पर सरकार 90 करोड़ रुपए खर्च करेगी। 10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप देने पर दस करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। इस पर भी अमल शुरु हो गया है। महिलाओं की तरह किन्नरों को भी बसों के फ्री पास, एक हजार महिलाओं और 100 किन्नरों को ई-आटो की परमिट, महिला सुरक्षा के तहत डार्क स्पाट खत्म करने और महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने देने के मद में 5110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह अलग विषय है कि सरकार बने साल बीत जाने के बावजूद महिलाओं को पैसे मिलना शुरु नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समिति बनाकर पात्र महिलाओं की पहचान की गई। अब तुरंत नियमित पैसे दिए जाएंगे। इस बार बजट में 3700 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 27 साल बाद पिछले साल फरवरी दिल्ली में बनी भाजपा सरकार ने साल 2025-26 का रिकार्ड एक लाख करोड़ का बजट पेश किया। विधानसभा चुनाव में जिस तरह के वायदे किए गए थे, उसमें यह बजट भी नाकाफी रहा। दिल्ली में दस साल प्रचंड बहुमत से सरकार चलाने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) पर भाजपा समेत सभी विरोधी दल मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाती रही। अब भाजपा सरकार भी उन मुफ्त की रेवड़ियों को दूसरे साल भी जारी रखने का ऐलान किया। भाजपा को इसका फायदा समझ में आने लगा है। इतना ही नहीं, दनादन मुफ्त बिजली-पानी के अलावा बजट में कई और रेवड़ियों की घोषणा कर दी। इस साल भी होली-दीवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने पर 260 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह दिल्ली को और हरा-भरा बनाने वाला हरित बजट है। बजट मद का 21 फीसदी धन दिल्ली को हरा-भरा बनाने पर खर्च किया जाएगा। दिल्ली में ई-आटो, ई-टैक्सी और ई-बसें बड़ी तादाद में चलाई जाएंगी। दिल्ली के अलावा एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में ई-बसों का परिचालन शुरु हो गया है। मेट्रो रेल के चौथे और पांचवें चरण की न केवल मंजूरी दी गई है बल्कि उसके लिए 2224 करोड़ रुपए का बजट भी आवंटित कर दिया गया है। इसी तरह नमो भारत के दो नए कॉरिडोर की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 568 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। दिल्ली नगर निगम को इस बार सर्वाधिक 11,666 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विद्यार्थी राजनीति के बाद नगर निगम से ही अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की है। तीन निगमों को एक करके 272 सीटों को 250 सीट करके पांच दिसंबर, 2022 में निगम चुनाव करवाए गए। लगातार तीन बार से निगम की सत्ता में रही भाजपा उस चुनाव में पिछड़ गई और 134 सीटें लाकर आआपा पहली बार नगर निगम की सत्ता में आ गई। उसे हर बार 36 फीसदी के आसपास वोट मिलते रहे। भाजपा को 106 सीटें आई। नगर निगम में दलबदल विरोधी विधेयक लागू नहीं है। दो साल में दल बदलने वाले निगम पार्षदों के बूते भाजपा फिर से निगम में बहुमत में आ गई। सालों बाद केन्द्र के बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा के आने के बाद वह किसी भी तरह से अगले साल होने वाले चुनाव को जीतने का प्रयास करेगी। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्धस्तर पर काम करना होगा। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के अलावा दिल्ली के बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव होता नहीं दिख रहा। इस बजट में नया सचिवालय, कई सरकारी उपक्रमों के भवन और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के लिए आवास बनाने इत्यादि की घोषणा की गई है। दस केन्द्रीय विद्यालय और एक सैनिक स्कूल बनाने के वायदे किए गए हैं। पहले के विश्वविद्यालयों के कैंपस बनाने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। वायदे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अबतक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या और वार्ड आदि बढ़ाने की घोषणा तो की गई है लेकिन नए अस्पताल बनाने की घोषणा नहीं हुई है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22,411 रुपए प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए पांच सौ पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई गई है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है, नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है। 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल-कॉलेज ही नहीं, नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए। दिल्ली मेट्रो की नींव रखी गई। 1984 के सिख दंगा पीडितों को न्याय दिलाने के प्रयास हुए। इस सिलसिले को साल 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई वाली कंग्रेस सरकार ने और आगे बढ़ाया।

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

ललित गर्ग

हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है-अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है। हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को ल्लराम का दासङ्क कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं। हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है-ल्लज्ञानिनामग्रगण्यमङ्क। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन



हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है।

हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है-ऊर्जावान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें-साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है।

हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है- मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है। अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी। हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे। हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

## कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में कुल 275 पेयजल परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिनमें से 165 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। अधिशासी अभियंता जल निगम ने जानकारी दी कि पूर्ण परियोजनाओं में से 63 योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गई है और उनका संचालन एवं रख-रखाव किया जा रहा है, जबकि 102 परियोजनाएं टेस्टिंग एवं ट्रायल रन के चरण में हैं। शेष 110 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जिन्हें मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ओवरहेड टैंक निर्माण, पाइपलाइन बिछाने, गृह संयोजन तथा खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित फर्मों जे.एम.सी. एवं बाबा जी.ए. इन्फ्रा को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराई जाय। नलकूप विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नलकूपों को क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिये। वहीं सिंचाई विभाग को खरीफ फसल के दौरान किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि सर्वेक्षण कर क्षतिग्रस्त नहरों के मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं त्वरित समाधान के दिये निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गांव की समस्या, गांव में समाधान अभियान के अंतर्गत विकास खंड मंझनपुर के ग्राम चक हिंगुई में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने पुष्टाहार, पेंशन, शौचालय, राशन, कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में लाभार्थियों से संवाद किया और निर्देशित किया कि पात्रता के बावजूद वंचित लोगों को जल्द से जल्द योजनाओं से जोड़ा जाय। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक समय से विद्यालय आते हैं और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से हो रहा है। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों एवं ्लखपति दीदीङ्क योजना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर उनके रोजगार एवं आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाय। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि अप्रैल माह के बाद गांव में पेयजल आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए और किसी प्रकार की कमी न रहे।

# पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष एक की मौत सात घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा गांव में गुरुवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पुनीत पुत्र चंदीलाल की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। पूरे मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रेम कुमार पुत्र बैजनाथ और उसके परिवार के सदस्यों ने रामसजीवन पुत्र पुद्दई के साथ मारपीट की थी। इस घटना में रामसजीवन गंभीर रूप से घायल हो गए थे और पहले से ही जिला अस्पताल में भर्ती थे। इसी रंजिश के चलते गुरुवार सुबह जब रामानंद खेत की ओर जा रहे थे, तभी प्रेम कुमार , अजय कुमार पुत्र बैजनाथ व पुनीत पुत्र चंदी ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। रामानंद के परिवार के मौके पर पहुंचने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। झड़प में प्रथम पक्ष से प्रेम कुमार, अजय कुमार और पुनीत घायल हुए, जबकि द्वितीय पक्ष से शिवमूरत पुत्र पुद्दई, रामप्रकाश पुत्र रामसजीवन, सुरेंद्र कुमार और रामानंद घायल हो गये। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिलाधिकारी ने पौधारोपण अभियान 2026 की तैयारी में तेजी लाने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पौधारोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत संबंधित विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभागों से शीघ्र कार्ययोजना प्राप्त कर ली जाए तथा पौधारोपण स्थलों का चिन्हीकरण और गड्ढा खुदान जैसे कार्य समय से पूरे कर लिए जाय। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां आमजन की आवाजाही अधिक रहती है, जैसे मॉर्निंग वॉक स्थल या अन्य सार्वजनिक स्थान, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दारा नगर के अधिशासी अधिकारी को गंगा घाटों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही गंगा आरती सामग्री के लिए स्टोर रूम निर्माण एवं कड़ा क्षेत्र में एटीएम स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाई, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी। नगर पंचायत मुसाफिरखाना के वार्ड नंबर 4 में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । मृतक की पहचान सूरज पाठक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक का परिवार मूल रूप से पलटन बाजार सदर कोतवाली प्रतापगढ़ का निवासी है और वर्तमान में मुसाफिरखाना के वार्ड नंबर 4 में किराये के मकान में रह रहा था। मृतक के पिता कृपा शंकर पाठक ने बताया कि उनकी पत्नी का ब्रेन हैमरेज का इलाज चल रहा है। वह सोमवार को इलाज के लिए बाहर गए थे और बुधवार को वापस लौटे। बुधवार की रात सूरज का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मुसाफिरखाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन दिन से लापता किशोरी का शव नदी में मिला, पुलिस जांच में जुटी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फर्रुखाबाद। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली से लापता 15 वर्षीय किशोरी का शव काली नदी में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। ग्राम सिरौली निवासी अजय कुमार ने 30 मार्च को थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री अंशु का गांव के ही अंशुल पाल पुत्र श्याम सिंह, कुलदीप और रोहित ने मिलकर अपहरण कर लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसी बीच दोपहर करीब 3 बजे थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम कुमौली के निकट फर्रुखाबाद-कन्नौज बॉर्डर पर काली नदी में एक किशोरी का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। आसपास जानवर चरा रहे चरवाहों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना मोहम्मदाबाद व नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त अंशु पुत्री अजय कुमार निवासी सिरौली के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी राजीव कुमार नवाबगंज ने बताया कि मामले में नामजद तीनों आरोपितों को पहले पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। पूछताछ के दौरान एक मुख्य आरोपित ने किशोरी से प्रेम संबंध होने और फोन पर बातचीत की बात स्वीकार की थी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें जांच में सहयोग की हिदायत देकर छोड़ दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब किशोरी का शव मिलने के बाद मामले की दिशा बदल गई है। दर्ज मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है, वहीं परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

### नव नियुक्त चौकी प्रभारी ने हटवाए मीट मछली को दुकानें

भूरागढ़। हाल ही में जिले में पुलिस अधीक्षक पलास बंसल द्वारा कई चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण करते हुए पुलिस लाइंस चौकी प्रभारी आनंद साहू को भूरागढ़ चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी है जिसमे चार्ज लेते ही नव नियुक्त चौकी प्रभारी द्वारा बांदा महोबा राष्ट्रीय राज्य मार्ग भूरागढ़ के सड़क किनारे मीट मछली की दुकानें लगाए हुए थे और साथ में सड़क किनारे बनी सरकारी शराब की दुकानों के बगल में बनी दुकानें जहां पर शराब पीने वाले बैठकर शराब पीते थे जिसको पुलिस फोर्स के साथ में नव नियुक्त चौकी प्रभारी द्वारा दुकान हटवाई और साथ द्वद्द मीट मछली विक्रय करने वाली दुकानों को भी हटवाया गया और सख्त निर्देश दिए आगे की अगर दुबारा दुकानें लगी तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### प्रभु का साक्षात दर्शन होता है प्रसाद : गणेश केसरवानी

प्रयागराज। प्रसाद यानी प्रभु का साक्षात दर्शन होता है। यह बातें हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मेडिकल कॉलेज चौराहे पर के पास आयोजित विशाल भंडारे का शुभारंभ करते हुए प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने सभी भक्तों से कहा कि यथाशक्ति भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण करना चाहिए, क्योंकि एक दूसरे से अपने संबंध बनाने का एक सशक्त मार्ग भी है।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एण्ड डीएम) लखनऊ के द्वारा ई-टेंडर संख्या 44-EnHM-Fire Safety-NRDH25 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 22.04.2026, 15:00 बजे तक है और उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोला जाएगा। बोली लगाने वाले अपनी मूल या संशोधित बोलियां सिर्फ समापन दिनांक एवं समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे तथा मैनुअल ऑफर मिलने पर उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा। इस टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य या ईएमडी का भुगतान IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि तरीकों से करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, बैंक डिपॉजिट रसीद वगैरह के जरिए मैनुअल/ऑफलाइन पेमेंट की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | प्रोविजन ऑफ फायर फाइटिंग अरेंजमेन्ट्स एट नार्दन रेलवे डिवीजनल हॉस्पिटल लखनऊ एज पर द गाइडलाइन्स ऑफ फायर डिपार्टमेंट लखनऊ। | | |
| टेण्डर का प्रकार | खुली निविदा | निविदा पद्धति | ओपन बिड सिस्टम |
| टेण्डर समाप्ति दिनांक एवं समय | 22.04.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 02.04.2026 |
| प्री बिड (Yes/No) | नहीं | प्री बिड क्वेरी डेट एवं टाइम | नाट एप्लीकेबल |
| प्रकाशित मूल्य (रु. में) | 1,98,80,136.58 रुपए जीएसटी सहित | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर ऑफिस (ईएनएचएम एण्ड डीएम) |
| निविदा का तरीका | सिंगल रेट फार ईच शेड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % ऊपर/नीचे/एट पार |
| धरोहर राशि (रु. में) | 3,97,600.00 | ऑफर वैधता (दिनों में) | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | Nil | निविदा प्रारम्भ तिथि | 08.04.2026 |

सं.: 44-EnHM-Fire Safety-NRDH25 दिनांक: 01.04.2026 1096/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व कल्याण को की गई विशेष पूजा: बलबीर गिरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार सुबह से विश्व प्रसिद्ध बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी ने बताया कि संकट मोचन भगवान बजरंगबली के जन्मोत्सव के मौके पर वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर संगम नगरी प्रयागराज में संगम के बंधवा स्थित श्री बड़े हनुमान मंदिर में खास तैयारियां की गई हैं। पूरे मंदिर को सजाया गया है। वहीं बजरंगबली की मूर्ति को काशी और कोलकाता से मंगाए गए फूलों से भव्य तरीके सजाया गया है। पूरे मंदिर परिसर को फूलों के साथ बिजली की झालरों से भी सजाया गया है। गर्मी के चलते श्रद्धालुओं के लिए पंडाल लगाए गए हैं और श्रद्धालुओं के पैर न जले इसके लिए मैट बिछाई गई है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर उन्हें 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर ईरान और अमेरिका व इजरायल के बीच युद्ध के हालात को लेकर हनुमान जी की विशेष आराधना की गई। आरोग्य के देवता हनुमान जी से विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। गौरतलब है कि श्री बड़े हनुमान जी को शहर कोतवाल कहा जाता है। दुनिया में हनुमान जी का यही इकलौता मंदिर है जहां पर विश्राम की मुद्रा में हनुमान जी अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। भोर पहर बजरंगबली की प्रतिमा को स्नान कराया गया। मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को खोल दिया गया। जिसके बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्थित बंधवा हनुमान मंदिर पहुंच रहे है दर्शन पूजन कर रहे है। कटघर स्थित समया मंदिर में भगवान हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु का भव्य श्रृंगार, पूजन-अर्चन, हनुमान चालीसा पाठ, आरती तथा गुड़-चना के लड्डू का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया।

# कानपुर किडनी कांड : दो ओटी टेक्नीशियन गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। कानपुर में अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट मामले में पुलिस ने दो ओटी टेक्नीशियन को गुरुवार को कल्याणपुर के दलहन क्रासिंग से गिरफ्तार किया है। रविवार को आहूजा नर्सिंग होम में हुए किडनी ट्रांसप्लांट वाले दिन दोनों आरोपित राजधानी दिल्ली से फ्लाइट के जरिए कानपुर पहुंचे थे। दोनों एक केस के 35 से 40 हजार रुपये लेते थे। पुलिस आरोपितों से गहनता से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कुलदीप सिंह राघव और राजेश कुमार के रूप में हुई है। कुलदीप हापुड़ का रहने वाला है और गाजियाबाद स्थित शांतिगोपाल नर्सिंग होम में कार्यरत है, जबकि राजेश कुमार गाजियाबाद का निवासी है और नोएडा के सर्वोदय हॉस्पिटल में काम करता है।

पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपित हर अवैध ऑपरेशन के लिए 35 से 40 हजार रुपये लेते थे। वे दिल्ली से फ्लाइट के जरिए कानपुर पहुंचे थे और ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण व दवाइयां उपलब्ध कराते थे। पुलिस को शक है कि यह रैकेट पहले सामने आए अंतरराष्ट्रीय किडनी माफिया नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए डोनर और मरीजों को जोड़ता था।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं और फरार डॉक्टर की तलाश के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि रैकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-BOY-Gen-50-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-JNH-Gen-48-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | DBU-LKO-BOY-Gen-51-25-1 (DBU-Digital Banking Unit) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2026 समय11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | DBU-LKO-JNH-Gen-49-25-1 (DBU-Digital Banking Unit) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-SIPOD-158-26-2 (Misc-Static-Services-Sleeping Pods at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1096/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जिलाधिकारी ने लू और सूखा से निपटने के लिए बनाई रणनीति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरुवार को स्टेट हीट वेव एक्शन प्लानऽ2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सूखा संबंधी बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विभागों के अधिकारियों को लू (हीट वेव) से बचाव एवं राहत कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में संभावित लू-प्रकोप को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

डीएम ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में एक वार्ड तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 4-4 बेड हीट वेव के मरीजों हेतु आरक्षित किए जाएं। कूल रूम की व्यवस्था, 108 एम्बुलेंस सेवा की सक्रियता, ओआरएस एवं आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण तथा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को 24 7 क्रियाशील रखा जाए। साथ ही सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए एवं मृत्यु के मामलों में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को बस स्टैंडों पर प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा हीट वेव से बचाव संबंधी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने पशुपालन विभाग को पशुओं की सुरक्षा के लिए हीट वेव एक्शन प्लान लागू करने, पशुपालकों को जागरूक करने, पानी की व्यवस्था एवं टीकाकरण कार्य नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने सूचना विभाग को सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से हीट वेव से बचाव संबंधी एडवाइजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मनरेगा विभाग को श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन कर दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक कार्य रोकने, कार्यस्थलों पर पेयजल एवं छाया की व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने वन विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण, जंगलों में आग से बचाव तथा वन्य जीवों के लिए जल स्रोतों के प्रबंधन के निर्देश दिए गए।अग्निशमन विभाग को सभी इकाइयों को 24 7 सक्रिय रखने, फायर ऑडिट पूर्ण करने, संसाधनों का विवरण उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण स्तर पर अग्नि सुरक्षा के लिए लोगों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा विभाग को विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने, पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों को हीट वेव से बचाव का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर निकायों को सार्वजनिक स्थलों पर कूलिंग सेंटर, प्याऊ एवं शीतल जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।

पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, टैंकर एवं प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब विद्युत पोलों को दुरुस्त करने तथा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि हीट वेव से बचाव के लिए ्लक्या करें और क्या न करेंङ्क का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में संबंधित विभागों के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली भव्य पद शोभायात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। ग्राम सभा कुंवरपुर माफी से राष्ट्रीय बजरंग दल के ब्लॉक उपाध्यक्ष कपिल सूर्यवंशी व विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप के नेतृत्व में श्री हनुमान उत्सव के अवसर पर विशाल पद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के निर्देशानुसार व उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह विशाल पद यात्रा थाना मैलानी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होते हुए ग्राम अहमद नगर स्थित पौराणिक शिव मंदिर श्री क्लेशहरण मंदिर पहुंची। पद यात्रा में प्रांतीय उपाध्यक्ष देव जुनेजा व विभाग मंत्री माननीय रमाकांत अवस्थी जी भी शामिल हुए। वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे जोश के साथ ‌जय श्री राम‌ व ‌जय बजरंगबली‌ के नारों के बीच भगवा झंडों के साथ यात्रा आगे बढ़ती रही। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति जागरूकता और उत्साह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय प्रवीण भाई तोगड़िया जी के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 501 हनुमान चालीसा केंद्र संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। गोला गोकर्णनाथ व लखीमपुर खीरी क्षेत्र में वर्तमान में चल रहे 101 हनुमान चालीसा केंद्रों को बढ़ाकर शीघ्र ही 501 तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

पदयात्रा में जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के साथ जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री कुशविंदर सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष कपिल, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एएचपी अशोक जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा, विधानसभा उपाध्यक्ष सोनू बजरंगी, ब्लॉक अध्यक्ष कुंभी विक्रम सिंह चौहान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी संजय सिंह चौहान, विपिन भास्कर, प्रदीप अर्कवंशी, दीपक कुमार, अजीत सिंह, शिवम आर्या, पिंटू राठौर, रमाशंकर शास्त्री, ग्राम प्रधान पति मुकेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शरद गुप्ता 'सोनू' बने बरम बाबा देवस्थान कंजा आश्रम कमेटी के प्रबंधक



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल बरम बाबा देवस्थान कंजा आश्रम की प्रबंध समिति का विस्तार करते हुए शरद गुप्ता 'सोनू' को नया प्रबंधक मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कमेटी के सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने हर्ष व्यक्त किया है। लोगों का मानना है कि शरद गुप्ता के कुशल निर्देशन में आश्रम की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। नवनियुक्त प्रबंधक शरद गुप्ता 'सोनू' ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे देवस्थान की गरिमा और जनसेवा की परंपरा को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे इस अवसर पर प्रवीन गुप्ता, राजीव गुप्ता सहित तमाम समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर गोला के खुटार रोड स्थित सुभाष शिक्षा सदन दतेली में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामकुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं बल्कि यह स्वयं को समझने और आगे सुधार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन व अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही प्रधानाचार्य संतोष वर्मा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद सहाय वर्मा के द्वारा कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में लकी, मीनाक्षी, अगम, सहरीन, गौसिया, आस्था, साईबा, खदीजा, प्रशांत, अनन्या को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, ताकि अन्य छात्रों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा जगे कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन आकाश पांडे ने सुव्यवस्थित ढंग से किया और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंधन ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# सौर ऊर्ज़ा से चमकेगा गाँव: शिवपुरी में सोलर आटा चक्की प्लांट का शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

विकासखंड मितौली क्षेत्र के फत्तेपुर स्थित ग्राम पंचायत शिवपुरी में सौर ऊर्ज़ा आधारित आटा चक्की प्लांट का भव्य शुभारंभ किया गया। पूर्व अध्यापक उदय प्रकाश मिश्रा द्वारा मिश्रा फार्म हाउस में स्थापित इस प्लांट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू तथा जिला पंचायत इंटर कॉलेज औरंगाबाद के पूर्व प्रधानाचार्य रामरक्ष पाल सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जुगल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री सौर ऊर्ज़ा अभियान को ग्रामीण स्तर पर उतारने का यह सराहनीय प्रयास है। सौर ऊर्ज़ा पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ किसानों और छोटे उद्यमियों की लागत घटाकर उनकी आय बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि इस प्लांट से ग्रामीणों को सस्ती और सुलभ पिसाई की सुविधा मिलेगी।

विधायक सौरभ सिंह सोनू ने इसे ग्रामीण क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि तकनीकी नवाचार और शिक्षा का समन्वय ही सशक्त गांव की नींव रखता है। प्लांट के संस्थापक उदय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बिजली कटौती और महंगे डीजल की समस्या को देखते हुए इस सोलर आटा चक्की की स्थापना की गई है। यह पूरी तरह सूर्य की ऊर्ज़ा से संचालित होगी, जिससे पिसाई की गुणवत्ता बेहतर होगी और प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार शुक्ल ने इस पहल को क्षेत्र के लिए मिसाल बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने में सहायक हैं। इस अवसर पर संजयकांत मिश्र एडवोकेट, मुदित दीक्षित, ग्राम प्रधान लोकराम राठौर, यूनुस कोटेदार, संतराम देवरी, विजय पाल, रामप्रसाद, शमशाद अली सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कस्ता कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगी बैंकिंग सुविधा

मितौली खीरी। कस्ता कस्बे में गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसबीआई शाखा प्रबंधक संजीत कुमार, जिला समन्वयक शिवम वर्मा तथा बीएलएस लखनऊ सर्किल के प्रतिनिधि इरशाद अहमद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से कस्ता एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे विशेष रूप से गरीब, मजलूम और बुजुर्गों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अतुल कुमार मौर्य ने बताया कि यहां पर खाते खोलना, पैसा जमा-निकासी, आधार आधारित बैंकिंग सेवाएं, पेंशन एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। स्थानीय लोगों ने भी ग्राहक सेवा केंद्र खुलने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बाल कवि सम्मेलन में गूंजी बच्चों की कविताएं

## दर्शकों ने जमकर की सराहना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला के ऐतिहासिक चैती मेले के पांचवें दिन सांस्कृतिक मंच पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन में नन्हे-मुन्ने कवियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल कवियों की मनमोहक पंक्तियों से हुई ‌चिंकी, मिंकी, पप्पू, गोलू सबके मन हर्षाए है, मेले में देखो कितने बड़े-बड़े झूले आएं हैं‌ जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सभासद एवं साहित्यकार श्रीकांत तिवारी ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का पुष्प मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि चैती मेला अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पौराणिक मान्यताओं के साथ मनाया जा रहा है, जो क्षेत्र की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। उन्होंने मेले को भव्य स्वरूप देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की सराहना की कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी ने कहा कि मेला चैती का पौराणिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। भगवान शिव की नगरी में आयोजित इस मेले का उल्लेख सरकारी गजेटियर में लगभग 120 वर्षों से है, जबकि यह परंपरा इससे भी पहले से चली आ रही है। सांस्कृतिक मंच पर आयोजित बाल कवि सम्मेलन में विभिन्न बाल कवियों ने अपनी रचनाओं का काव्यपाठ कर दर्शकों से खूब वाहवाही और तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और सभी ने बाल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया।

03 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर जूनियर गायन और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सायं 7 बजे से किया जाएगा।

# विशेष संचारी रोग रोकथाम हेतु कृषक समाज इंटर कॉलेज में दिलाई गई शपथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में उप प्रधानाचार्य लखपत भारती की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संचारी रोगों की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने संक्रामक रोगों से बचाव, ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव (लू) से सुरक्षा तथा प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोगों से बचाव के लिए साफ एवं सुरक्षित पानी का सेवन करें, विशेषकर हैंडपंप का ताजा पानी उपयोग में लाएं। भोजन हल्का, ताजा एवं ढककर रखें तथा साफ-सुथरे फल एवं सब्जियों का सेवन करें। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरे कपड़े पहनें। उल्टी-दस्त या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराना चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश यादव, अशोक वर्मा, अरविंद यादव, अखिलेश शुक्ला सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

# हनुमान जयंती पर नगर में धूमधाम से निकली भव्य शोभा यात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। प्रभु श्रीराम के परम भक्त श्री हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के पावन पर्व पर गुरुवार को प्रातः धूमधाम के साथ हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा मेला मैदान स्थित नीलकंठ मैदान के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर देवस्थान गंज बाबा तक निकाली गई। दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर नीलकंठ मैदान से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा अलीगंज रोड, सदर चौराहा, मोहम्मदी रोड होते हुए कंजा स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुंची, जहां भगवान हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात यात्रा पुरानी बाईपास, खुटार चुंगी, खुटार रोड, मिल रोड होते हुए पुनः नीलकंठ मैदान पहुंचकर संपन्न हुई इस अवसर पर छोटी-छोटी बच्चियां कुमारी आराध्या बाजपेई, कुमारी रागिनी शुक्ला, कुमारी भूमिका प्रजापति, कुमारी मुस्कान अवस्थी, कुमारी धार्वी बाजपेई, कुमारी संभवी बाजपेई सहित अनेक बच्चों ने भक्ति भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम में मुनेन्द्र शुक्ल, शिवकुमार पिंटू बाजपेई, गोला विधायक अमन गिरी, विजय शुक्ला रिंकू, चन्द्र शेखर अवस्थी, सुनील कुमार बाजपेई, समाधान दीक्षित, शुभम अग्निहोत्री, धर्मेन्द्र गिरी मोंटी, दिवाकर पाण्डे, दीपू मिश्रा, सुनील कुमार अवस्थी सोनू, अमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, देव प्रकाश तिवारी, मनोज तिवारी, पंकज मिश्र, रामचन्द्र राठौर, संदीप अवस्थी, दीपक मिश्रा, दिनेश तिवारी, सुभाष मिश्रा, ज्ञानू तिवारी, अविनाश गुप्ता, आनन्द त्रिवेदी, अंजनी शरण बाजपेई, पीयूष पंकज बाजपेई, मनोज मिश्रा, अनुपम बाजपेई, संजय सक्सेना उर्फ संजय लाला, मंजुल पाण्डेय, कमलेश कुमार गुप्ता, श्रीराम राजपूत, एकलव्य तिवारी, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, हरद्वार बाजपेई, दिनेश बाजपेई, लवकुश अवस्थी, रविन्द्र कटियार, मनुज बाजपेई, सचिन सिंह, मनोज मिश्रा, आदर्श दीक्षित, सौरभ दीक्षित सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे हनुमान जी के प्रति आस्था का एक अनोखा उदाहरण भी इस दौरान देखने को मिला। नीलकंठ मैदान स्थित हनुमान मंदिर से एक कुतिया शोभा यात्रा के साथ कंजा मंदिर तक गई और पुनः यात्रा के साथ वापस आकर मंदिर में ही विश्राम किया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कुतिया पिछले वर्ष भी शोभा यात्रा में शामिल हुई थी। पिछले वर्ष इसके साथ एक अन्य कुत्ता भी था, जबकि इस वर्ष वह अकेली ही पूरी यात्रा में शामिल रही यह दृश्य श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की 3.5 लाख की सरिया के साथ 12 आरोपित गिरफ्तार

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का गुरुवार खुलासा किया है। दिबियापुर थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी के मामले में 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में लोहे के सरिये और अन्य सामग्री बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने ककोर स्थित अपने कार्यालय में बताया कि 1 अप्रैल को अनेका इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मनोज कुमार ने थाना दिबियापुर में तहरीर दी। तहरीर में कहा गया कि कोर्ट बिल्डिंग प्रोजेक्ट साइट से निर्माण कार्य में उपयोग होने वाला सरिया चोरी हो गया है। सूचना पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई। इस मामले में दिबियापुर थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने बीती देर रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर उमरसाना तिराहा के पास एक खाली प्लॉट में दबिश दी। मौके से लगभग 1:25 बजे 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया और चोरी की गई करीब 40 कुंतल लोहे के सरिया (लगभग 3.5 लाख रुपये), एक ट्रैक्टर ट्रॉली, दो कारें और अन्य उपकरण बरामद कर लिए गए। एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सभी साइट पर मजदूरी करते थे और अधिक पैसे कमाने के लालच में सरिया चोरी कर ट्रॉली में ले जाने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपित हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। इनमें हर्ष उर्फ चुन्नू, अर्जुन सिंह, पुनीत, सागर, अरुण, विशाल, लाखन, कृष्ण सिंह, विड्डू, चरन सिंह, कृष्ण सिंह और लक्की सिंह शामिल हैं। सभी के खिलाफ थाना दिबियापुर में मुकदमा दर्ज किया गया है और उनके आपराधिक इतिहास की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना दिबियापुर के प्रभारी रुद्र नारायण त्रिपाठी, सर्विलांस सेल के प्रभारी समित चौधरी, स्वाट टीम के प्रभारी कुलदीप कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### घटिया सामग्री से अंबेडकर पार्क निर्माण पर सवाल, लोगों ने किया विरोध

उरई। कोंच नगर पालिका क्षेत्र के नया पटेल नगर नहर कॉलोनी में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पार्क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोग हाथों में ईंट लेकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए तत्काल जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि अंबेडकर पार्क के निर्माण के लिए सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। घटिया ईंट, सीमेंट व अन्य सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि यदि इसी तरह से निर्माण कार्य जारी रहा तो पार्क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगा और सरकारी धन की बर्बादी होगी। वहीं इस पूरे मामले पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि संबंधित अवर अभियंता अरुण कुमार को बुलाया गया है और जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बेटे की आंखों के सामने बाप का कत्ल करने वाले को उम्रकैद

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में लगभग 1 साल पहले होली के त्योहार पर पुत्र के सामने पिता को कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही ?11000 के अर्थदंड से भी दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि 14 मार्च 2025 को जारो माफी गांव की निवासी मीरा प्रजापति ने मारकुंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# कंपोजित विद्यालय जमदरा में 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य आयोजन

- प्रवेश उत्सव में पत्रकार शोएब अख्तर हुए सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



झंझरी (गोण्डा)। कंपोजिट विद्यालय जमदरा में प्रवेश उत्सव व स्कूल चलो अभियान का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों, नवप्रवेशी बच्चों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर तेजस टूडे के देवीपाटन मंडल ब्यूरो चीफ शोएब अख्तर को भी सम्मानित किया गया।

शोएब अख्तर ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हर बच्चे का शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, आधी रोटी कम खा लें, लेकिन बच्चों को जरूर शिक्षित बनाएं, क्योंकि शिक्षा शेरनी का दूध है–जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## गोला में बंदरों का बढ़ता आतंक, छत पर खेल रहे 6 वर्षीय मासूम पर हमला, बाल-बाल बची जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। नगर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला मोहल्ला लक्ष्मी नगर कॉलोनी का है, जहां छत पर खेल रहे एक मासूम बच्चे पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय पत्रकार मतीन अहमद के 6 वर्षीय पुत्र मुर्शिद घर की छत पर खेल रहा था। तभी अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया और बच्चे पर हमला कर दिया। मासूम की चीख-पुकार सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और किसी तरह बंदरों को भगाकर बच्चे को सुरक्षित बचाया। घटना के बाद परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों में भी भय व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर में बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। नगरवासियों ने वन विभाग एवं जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने की कोशिश करेगा चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है। अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टाइटंस के खिलाफ अपनी लाइन और गति में विविधता से प्रभावित किया। उन्होंने बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोका और दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। उन्हें तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक का अच्छा सहयोग मिला।

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला: रिजवी

एजेंसी



लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की। रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो। उन्होंने कहा, ''जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा, ''मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था। उन्होंने पिछले सत्र के अंतिम मैच में भी अर्धशतक बनाया था। मुश्किल परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा करने और स्टब्स के साथ अपनी साझेदारी के बारे में रिजवी ने कहा कि उन्होंने खेल की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''शुरू से ही हमारा इरादा सकारात्मक क्रिकेट खेलने का था, लेकिन जब हमारे चार विकेट गिर गए तो हमने थोड़ा धीमा खेलने और क्रीज पर समय बिताने का फैसला किया। हमने विकेट को समझने की कोशिश की क्योंकि लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था। मैं स्टब्स के साथ पहले भी खेल चुका हूं। वह बहुत ही सरल तरीके से और स्थिति के अनुसार खेलते हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे।

जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वान डेर डुसेन ने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा, ''मैं अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका की जर्सी पहनना एक ऐसी उपलब्धि है जिसमें आपकी दृढ़ता और समर्पण की परीक्षा होती है और आपको इसका इनाम भी मिलता है। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खेलना मेरे लिए अपने खेल जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। वान डेर डुसेन ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम की तरफ से मेरा सफर हालांकि खत्म हो गया है लेकिन मैं अपनी प्यारी टीम 'लायंस' के लिए खेलना जारी रखूंगा। मैं दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को सिखाकर और उनका मार्गदर्शन करके इस खूबसूरत खेल में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। वान डेर डुसेन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और उसके बाद वे सभी प्रारूपों के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने वनडे में अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। उन्होंने इस प्रारूप में 50 से अधिक के औसत से 2657 रन बनाए, जिनमें छह शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं।

## आदिवासी पृष्ठभूमि से भारतीय टीम तक: प्रेरणादायक रही है किरण पिस्दा के संघर्ष और सफलता की कहानी

एजेंसी



रायपुर। छत्तीसगढ़ की उभरती फुटबॉलर किरण पिस्दा ने अपने संघर्ष, मेहनत और मजबूत मानसिकता के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। हाल ही में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान गोलकीपिंग कर उन्होंने अपने अनुभव और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। 24 वर्षीय किरण अपने करियर के शिखर पर मानी जा रही हैं। वह भारत के लिए खेल चुकी हैं और यूरोप में क्रोएशियन महिला लीग के क्लब डिनामो ज़ाग्रेब के लिए भी खेल चुकी हैं। उनकी सबसे बड़ी खासियत उनकी बहुमुखी प्रतिभा है, जिसके चलते वह मैदान पर किसी भी पोजीशन में खेलने में सक्षम हैं। किरण का सफर आसान नहीं रहा, हालांकि शुरुआत में उन्हें स्कूल और परिवार से पूरा समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने। किरण ने बताया, स्कूल में मुझे काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद वह शारीरिक शिक्षा की पढ़ाई के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय कैंप में बुलावा मिला। हालांकि उस समय वह चयन के लिए तैयार नहीं थीं। उन्होंने साई मीडिया के हवाले से कहा, उस समय मेरी फिटनेस और मानसिकता सीनियर खिलाड़ियों के स्तर की नहीं थी, इसलिए चयन नहीं हो पाया। लेकिन मैंने वहां से बहुत कुछ सीखा। इसके बाद किरण ने खुद पर कड़ी मेहनत की। फिटनेस सुधारी, मैचों का विश्लेषण किया और अपनी पोजीशन की समझ को बेहतर बनाया। सबसे बड़ा बदलाव उनकी सोच में आया। उन्होंने कहा, मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी, क्योंकि इसका सीधा असर प्रदर्शन पर पड़ता है। इस बदलाव में उनके कोच योगेश कुमार जांगड़ा का अहम योगदान रहा। किरण कहती हैं, जब भी मैं खुद को कमजोर महसूस करती हूं, तो उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। घरेलू स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के बाद उन्हें केरल ब्लास्टर्स जैसे क्लबों से खेलने का मौका मिला। उन्होंने अपने खेल में निरंतर सुधार किया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा को अपनी ताकत बनाया। किरण ने कहा, मैंने स्ट्राइकर के तौर पर शुरुआत की, फिर मिडफील्ड में खेली और अब राष्ट्रीय टीम में फुल-बैक की भूमिका निभा रही हूं। एक खिलाड़ी को हर पोजीशन के लिए तैयार रहना चाहिए। किरण 2022 के सैफ चैंपियनशिप में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और कई बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल के खेल मंत्री ने कहा, अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने धोखा दिया

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेस्सी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा, ''इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा, ''लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया। हमें उनसे ऐसे विश्वासघात की उम्मीद नहीं थी। वादा करने के बावजूद उसकी टीम यहां नहीं आई। केरल के खेल मंत्री ने कहा कि जब उन्होंने इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि अर्जेंटीना ने पांच अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही किया था। अब्दुरहीमान ने कहा, ''उन्होंने उन देशों से पैसे तो लिए लेकिन वहां खेलने नहीं गए। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा और उन्हें हमें मुआवजा देना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था लेकिन उनके व्यवहार से उन्हें काफी दुख हुआ। अब्दुरहीमान ने कहा, ''इससे केरल के फुटबाल प्रेमियों को निराशा हुई है। मैं कितना निराश हूं इसको मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। पिछले साल नवंबर में मंत्री ने कहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और स्टार स्ट्राइकर मेस्सी मार्च 2026 में केरल का दौरा करेंगे।

### टाइगर वुड्स ने राइडर कप कप्तान का पद ठुकराया, विदेश में कराएंगे इलाज

**न्यूयॉर्क।** पिछले कुछ समय से गोल्फ से जुड़ी गतिविधियों से दूर रहने वाले टाइगर वुड्स ने बुधवार को औपचारिक रूप से राइडर कप की कप्तानी ठुकरा दी क्योंकि वह विदेश में अपना इलाज कराएंगे। फ्लोरिडा के एक न्यायाधीश ने इलाज के लिए देश छोड़ने के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी है। वुड्स को को पिछले सप्ताह नशे में गाड़ी चलाने के संदेह के कारण गिरफ्तार किया गया था लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। वुड्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह 'इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए' अनिश्चित काल के लिए खेल से दूर जा रहे हैं । उनके वकील डगलस डंकन ने बुधवार को दायर एक याचिका में न्यायाधीश से वुड्स को उपचार के लिए विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका में उन्हें अपनी निजता से बार-बार समझौता करना पड़ता है।

### एक लाख दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम के निर्माण के लिए अधिकारियों से मिले एमसीए अध्यक्ष

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने मुंबई महानगर क्षेत्र में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम के निर्माण के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। नाइक ने हाल ही में महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सीआईडीसीओ) के अधिकारियों से मुलाकात कर स्टेडियम के निर्माण को लेकर चर्चा की। इस स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव काफी समय पहले रखा गया था। नाइक ने बयान में कहा, ''यह पहल महाराष्ट्र के खेल जगत के लिए एक निर्णायक क्षण है। मुंबई महानगर क्षेत्र में एक लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम न केवल मुंबई क्रिकेट को बढ़ावा देगा बल्कि महाराष्ट्र को वैश्विक खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित भी करेगा।

### एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ बना दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा मोबाइल सेवा प्रदाता

**नयी दिल्ली।** भारती एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। कंपनी ने जीएसएमए के आंकड़ों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस (जीएसएमए) दुनिया भर के मोबाइल संचालकों और संबंधित कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख संगठन है। कंपनी बयान के अनुसार, 'जीएसएमए इंटेलिजेंस' के मुताबिक मोबाइल ग्राहक आधार के लिहाज से भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। कंपनी भारत तथा अफ्रीका में सेवाएं देती है। भारती एयरटेल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, '' हम नवाचार, विश्वसनीयता एवं सेवाओं के अनुभव के स्तर को और ऊंचा करने का प्रयास करेंगे, ताकि हर ग्राहक के साथ संपर्क भरोसा जीतने तथा मूल्य प्रदान करने का अवसर बने। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि यह संख्या 31 मार्च तक उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित हैं। एयरटेल ने कहा कि भारत में उसके 36.8 करोड़ से अधिक मोबाइल ग्राहक हैं, जबकि अफ्रीका के 14 देशों में 17.9 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं।

### पावरिका का शेयर 395 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का शेया अपने निर्गम मूल्य 395 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 366 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 7.34 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बीएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 5.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 375 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,684.95 करोड़ रुपये रहा। पावरिका लिमिटेड के 1,100 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 1.45 गुना अभिदान मिला था। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

## केंद्र सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों को पूर्ण सीमा शुल्क से छूट दी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के बीच एक बड़ा फैसला लेते हुए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात पर पूर्ण सीमा शुल्क से छूट दे दी है। यह छूट 30 जून तक लागू रहेगी, जिसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों को सस्ती कच्ची सामग्री उपलब्ध कराना और अंतिम उत्पादों की कीमतें स्थिर रखना है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार ने यह छूट आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों पर उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए दी है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन 'फीडस्टॉक' और 'इंटरमीडिएट' पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। सरकार ने यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन आपूर्ति की उपलब्धता बनी रहे, 'डाउनस्ट्रीम' क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो और देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार इसके अलावा मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है। सरकार ने पिछले हफ्ते वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर तक घटा दिया था। इसके साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है। पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर सरकार की चिंता बढ़ गई है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय रियल एस्टेट में जनवरी-मार्च में विदेशी निवेश 75 प्रतिशत घटा: कॉलियर्स

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भारतीय रियल एस्टेट में निवेश को लेकर विदेशी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे इस दौरान विदेश निवेश 75 प्रतिशत घटकर 40 करोड़ डॉलर रह गया। यह जानकारी रियल एस्टेट परामर्शदाता कॉलियर्स इंडिया ने दी। कॉलियर्स का अनुमान है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण इस वर्ष विदेशी निवेशक सावधानी बरत सकते हैं। रियल एस्टेट परामर्शदाता के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल संस्थागत निवेश 61 प्रतिशत घटकर 1.6 अरब डॉलर रह गया जो इससे पिछली अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के 4.2 अरब डॉलर से काफी कम है। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च तिमाही में 1.2 अरब डॉलर का निवेश किया जबकि विदेशी निवेशकों का निवेश केवल 40 करोड़ डॉलर रहा।

## प.एशिया संकट के बीच प्रतिफल बढ़ने से एफपीआई ने एफएआर सरकारी बॉन्ड से 17,689 करोड़ रुपये निकाले

मुंबई। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 'फुली एक्सेसिबल रूट' (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों से 17,689 करोड़ रुपये निकाले हैं। यह वैश्विक निवेशकों में जोखिम से बचने की बढ़ती प्रवृत्ति और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति दबावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफएआर सरकारी प्रतिभूतियों (जीसेक) में एफपीआई का निवेश 27 फरवरी के 3,31,007.648 करोड़ रुपये से घटकर एक अप्रैल को 3,13,318.661 करोड़ रुपये रह गया है, जो हाल के सप्ताहों में विदेशी निवेशकों द्वारा निवेश घटाने का संकेत देता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यह निकासी ऐसे समय पर हुई जब घरेलू बॉन्ड प्रतिफल में तेज बढ़ोतरी हुई। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे मुद्रास्फीति जोखिम बढ़ने और उभरते बाजारों में वित्तीय परिस्थितियों के सख्त होने की आशंका बढ़ी है। इसी अवधि में भारतीय सरकारी बॉन्ड, विशेषकर 10 वर्षीय बॉन्ड का प्रतिफल करीब 0.33 प्रतिशत बढ़ा। 27 मार्च को यह प्रतिफल सात प्रतिशत से अधिक हो गया था जो पिछले 20 महीनों का उच्चतम स्तर है और बॉन्ड बाजार में लगातार बिकवाली के दबाव को दर्शाता है। बॉन्ड बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, ऊंचे प्रतिफल से मौजूदा 'बॉन्ड होल्डिंग' कम आकर्षक हो जाती हैं।

### पश्चिम बंगाल विस चुनाव लड़ने के लिए पीएफसी के स्वतंत्र निदेशक भास्कर भट्टाचार्य ने दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) के स्वतंत्र निदेशक भास्कर भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार होने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पीएफसी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि भास्कर भट्टाचार्य ने एक अप्रैल 2026 को ईमेल के जरिये अपना इस्तीफा भेजा। ऊर्जा मंत्रालय ने 13 मई 2025 को उन्हें एक वर्ष के लिए स्वतंत्र निदेशक के तौर पर निदेशक मंडल में शामिल किया था। कंपनी सूचना के अनुसार, अपने इस्तीफ़े में भट्टाचार्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रस्तावित उम्मीदवारी के कारण संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने निदेशक मंडल से इस्तीफा दिया है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 3,150 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,960 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसकी वजह से ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार के दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। घरेलू बाजार की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आज सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में तेजी नजर आ रही है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,696.29 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 75.57 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,53,110 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गौतम अडाणी ने परिजनों के संग श्रीरामलला के किए दर्शन, गौतम ने बताया भावुक पल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में परिवार के साथ श्रीरामलला के दर्शन पूजन किया। अडाणी ने निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया और गुरुकुल की पुरानी और आधुनिक परंपरा के बारे में जाना समझा। अडाणी ने गुरुकुल संस्कृति को संरक्षित करने में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया। गुरुवार को अहमदाबाद से दो चार्टर्ड फ्लाइट्स से उद्योगपति और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी अपने परिजनों के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद वे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्र, विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह पंकज, गोपाल नागरकट्टे आदि ने उनका स्वागत किया गया। इसके बाद अडाणी ने परिजनों के साथ श्रीरामलला के दर्शन किये और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद आरती भी की। मंदिर पुजारी ने उन्हें तिलक लगाया। इसके बाद उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मंदिर का भ्रमण कर अडाणी ने राम मंदिर निर्माण के बारे में ट्रस्ट के सदस्यों से जानकारी ली। अडाणी श्री राम मंदिर परिसर में 30 मिनट तक रहे ऋगौतम अडानी ने आज हनुमान जयंती के पावन पर्व पर श्रीराम यन्त्र का भी दर्शन किया। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गौतम अडानी, करन अडानी आदि को श्रीराम मन्दिर के लिए चले लंबे संघर्ष, आंदोलन, कानूनी प्रक्रिया और निर्माण संबंधी जानकारी दी। आगंतुकों ने जिज्ञासा पूर्वक मन्दिर की भव्यता का अवलोकन किया। यहां अडाणी ने कहा कि मुझे और मेरे परिवार को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यह एक भावुक पल है, एक गर्व का पल है। यह मंदिर न सिर्फ आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। भगवान राम के आदर्श हमें सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

## योग वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित, प्राकृतिक उपायों पर दिया जोर

औरैया। राष्ट्रीय आयुष मिशन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योग वैलनेस सेंटर, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की ओर से गुरुवार को प्रातःकालीन सत्र में स्थानीय तिलक स्टेडियम परिसर में योग साधकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र में उपस्थित वृद्ध एवं युवा साधकों को बिगड़ते स्वास्थ्य के कारणों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार बिना अनावश्यक जांच और दवाइयों के, प्राकृतिक तरीकों को अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। विशेषज्ञों ने दैनिक दिनचर्या, खान-पान और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर भी जोर दिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर नमामि गंगे ने हनुमान घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। महाबली हनुमान के प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को अनुसरण करने का आवाह्न करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरूवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में नमामि गंगे की स्वयंसेवी टीम ने हनुमान घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। हनुमान घाट स्थित प्राचीन बड़े हनुमान जी की आरती उतार कर भारत के लिए सुख समृद्धि की कामना की । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घाट से पूजा सामग्री और अन्य कचरा हटाकर गंगा की स्वच्छता का संदेश दिया। घाट पर पसरी गंदगी को साफ कर 'स्वच्छ गंगा' का संकल्प लिया गया। सफाई के बाद कार्यकर्ताओं ने हनुमान जी का चित्र लेकर मां गंगा की आरती उतारी, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं से पूजा के बाद सामग्री गंगा घाटों पर न डालकर, डस्टबिन में डालने की अपील की गई। नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला ने बताया कि हनुमान जी और पर्यावरण संरक्षण का गहरा संबंध है, जो वनचर होने के कारण प्रकृति के रक्षक, वन-संरक्षक और हरियाली के प्रतीक माने जाते हैं। श्री रामचरितमानस के अनुसार, प्रकृति के तत्वों–जल, वायु, और भूमि–का सम्मान करना चाहिए। हनुमान जी न केवल शक्ति के प्रतीक हैं, बल्कि वे वनवासियों के रक्षक भी हैं, जो हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहने का संदेश देते हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से अभिषेक शर्मा, शुभम सिंह ,अनुज सिंह, करण सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि ने भागीदारी की।

# हनुमत जन्मोत्सव पर श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का विशेष बैठकी श्रृंगार, रामार्चापूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) हनुमत जन्मोत्सव पर गुरूवार को संकटमोचन प्रभु की आराधना में आकंठ लीन रही। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा हनुमत जन्मोत्सव पर श्री संकटमोचन मंदिर में वर्ष पर्यंत भक्तों को खड़ी मुद्रा में दर्शन देने वाले श्री संकट मोचन (हनुमान जी)का खास बैठकी शृंगार किया गया। बैठकी श्रृंगार का दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु आधी रात के बाद से ही दरबार में कतारबद्ध होने लगे। बताते चले वर्ष में हनुमत जयंती ही एकमात्र ऐसा दिन होता है जब भगवान संकट मोचन बैठी हुई मुद्रा में दर्शन देते हैं। ब्रह्म मुहूर्त में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा स्थापित संकटमोचन के विग्रह का पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद विग्रह को सिंदूर का लेपन किया गया। मंदिर के महंत प्रो.विश्वंभरनाथ मिश्र की उपस्थिति में हनुमान जी का बैठकी शृंगार किया गया। ब्रह्म मुहूर्त में सूर्योदय के साथ ही संकटमोचन का जन्मोत्सव,भोग आरती के बाद मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खुल गया। पट खुलते ही मंदिर प्रांगण संकटमोचन हनुमान की जय और जय –जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः साढ़े पांच से साढ़े छह बजे विशेष पूजन आरती हुई। इसके उपरांत श्रीरामचरितमानस का एकाह पाठ शुरू हुआ। इस दौरान प्रातःकालीन सत्र में शहनाई वादन, ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, श्री रामचरित मानस का एकाह पाठ, श्री सीताराम संकीर्तन, रामार्चापूजन, श्री रामचरित मानस का सुंदरकांड का पाठ, सायं 5 बजे रामकृष्ण मिशन के कीर्तन मंडलियों का संकीर्तन आयोजन होगा। इस दौरान रात्रिपर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजित होगा। मंदिर के महंत के अनुसार तीन अप्रैल से पांच अप्रैल तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें काशी तथा देश के अनेक ख्यातिप्राप्त मानस वक्ताओं की कथा सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। जिसमें मुख्य रूप से पं. उमाशंकर शर्मा (बरेली), डा. भारत भूषण पांडेय (आरा), पं. चंद्रकांत चतुर्वेदी (भभुआ) भाग लेंगे।

## औरैया में भक्ति और संस्कृति के बीच मना हनुमान जन्मोत्सव, बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया,। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में पी बी आर पी अकादमी दिबियापुर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंगलाचरण एवं भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सौरव कश्यप ने भगवान हनुमान के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कथाएं सुनाते हुए विद्यार्थियों को साहस, सेवा और अटूट भक्ति का संदेश दिया। प्रार्थना सभा के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ललित पाण्डेय ने अपने संदेश में कहा कि भगवान हनुमान का जीवन निस्वार्थ सेवा, अटूट भक्ति और अदम्य साहस की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## हनुमान जयंती पर पनकी धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पूजन अर्चना के कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी क्रम में कानपुर के संकट मोचन पनकी धाम में तड़के से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के गूंजते जयकारों के बीच भक्त बजरंगबली के दर्शन के लिए लंबी कतारों में नजर आए। कानपुर के प्राचीन पनकी धाम मंदिर में गुरुवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जो दिन चढ़ने के साथ और बढ़ती गई। पूरा वातावरण भजन-कीर्तन और जयकारों से भक्तिमय हो उठा। मंदिर के महंत कृष्ण दास ने बताया कि हनुमान जयंती का पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि पनकी धाम की मान्यता है कि यहां सच्चे मन से दर्शन करने पर बजरंगबली भक्तों के सभी संकट दूर करते हैं। श्रद्धालु रवि ने कहा कि वह हर वर्ष यहां दर्शन करने आते हैं और उन्हें एक अलग ही शांति का अनुभव होता है। वहीं विकास ने बताया कि लंबी कतारों और बढ़ती गर्मी के बावजूद उनकी आस्था में कोई कमी नहीं आती और भगवान के दर्शन से उन्हें संतोष मिलता है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर परिसर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है। पनकी धाम में उमड़ी यह भीड़ यह दर्शाती है कि श्रद्धालुओं की आस्था अटूट है और बजरंगबली के प्रति उनका विश्वास हर कठिनाई को छोटा बना देता है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'यूपी प्रमाण' पोर्टल लॉन्च, प्रशासनिक प्रक्रियाएं हुईं ऑनलाइन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 'यूपी प्रमाण' पोर्टल की शुरुआत कर दी गई है। इस पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध सभी अनुदानित व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की प्रशासनिक प्रक्रियाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन संचालित होंगी। नई व्यवस्था के तहत शिक्षक अनुमोदन, नियुक्तियां, स्थायी एवं अस्थायी मान्यता, पाठ्यक्रम स्वीकृति, संबद्धता, निरीक्षण रिपोर्ट और मान्यता नवीनीकरण से संबंधित सभी फाइलें पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। प्रत्येक आवेदन को एक यूनिक ट्रैकिंग कोड प्रदान किया जाएगा, जिससे महाविद्यालय अपने आवेदन की स्थिति रियल टाइम में देख सकेंगे। पोर्टल पर यह भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा कि संबंधित फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है, किस स्तर पर विचाराधीन है और उसके निस्तारण की समय-सीमा क्या है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि कार्यों में जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति और कुलसचिव स्तर पर एक विशेष मॉनिटरिंग डैशबोर्ड भी तैयार किया है। इस डैशबोर्ड के जरिए लंबित मामलों की संख्या, औसत निस्तारण समय और विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की निगरानी की जाएगी। इससे देरी की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना आसान होगा। महाविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी सभी आवश्यक सूचनाएं, दस्तावेज और प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में पोर्टल पर अपलोड करें। निरीक्षण रिपोर्ट अपलोड होते ही उसकी प्रति संबंधित कॉलेज को स्वतः उपलब्ध हो जाएगी। पहले चरण में शिक्षक अनुमोदन और नियुक्तियों को पोर्टल से जोड़ा गया है। आगामी चरणों में पाठ्यक्रम विस्तार, परीक्षा केंद्र निर्धारण और अन्य प्रशासनिक कार्यों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को हिंदुस्थान समाचार प्रतिनिधि को कुलसचिव केशलाल ने बताया कि पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जौनपुर और गाजीपुर के सभी संबद्ध महाविद्यालयों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। अब सभी संस्थानों को अपने प्रस्ताव और अभिलेख ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत करने होंगे।

# जौनपुर में यूपी बोर्ड मूल्यांकन में जलपान बजट में हेराफ़ेरी की जांच शुरु



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के दौरान परीक्षकों के लिए दिए गये जलपान बजट में कथित हेराफ़ेरी का मामला सामने आने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) की शिकायत के बाद जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कोषाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं, माध्यमिक शिक्षा परिषद के अपर सचिव के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. राकेश कुमार ने भी तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इस टीम में एडीआईओएस राजेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार सिंह और एक वित्त एवं लेखाधिकारी को शामिल किया गया है। टीम को दो दिन के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने सभी उपनियंत्रकों से तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों की तिथिवार उपस्थिति, जलपान व्यवस्था का तिथिवार विवरण तथा इस पर हुए खर्च की पूरी रिपोर्ट शामिल है। इस संबंध शिक्षक नेताओं ने 30 मार्च को जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह से मुलाकात कर इस मामले की शिकायत की थी। उनका आरोप है कि मूल्यांकन केंद्रों पर जलपान और शुद्ध पेयजल के नाम पर महज 12 दिनों के भीतर करीब 12 लाख रुपये की हेराफ़ेरी की गई है। डीआईओएस डॉ. राकेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच में जलपान बजट के दुरुपयोग की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने की बात दोहराई है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुख्यात अपराधी मोंटी मुरादाबाद में ढेर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और मुरादाबाद पुलिस ने बुधवार देर रात्रि संयुक्त ऑपरेशन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुख्यात अपराधी उधम सिंह गैंग के शार्प शूटर 50 हजार का इनामी आशु चड्ढा उर्फ मोंटी को थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में मुठभेड़ में मार गिराया। मृतक शूटर मोंटी ने महानगर के एक निर्यातक से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि जनपद हापुड़ के मीरपुर कला निवासी आशु चड्ढा उर्फ मोंटी पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुख्यात अपराधी था। हाल ही में उसने मुरादाबाद के एक प्रतिष्ठित निर्यातक वजीर चंद्र एक्सपोर्ट के संचालक सिवल लाइंस क्षेत्र निवासी अरशू ढल से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी और उन पर जानलेवा हमला भी किया था। एसटीएफ मेरठ फील्ड यूनिट और मुरादाबाद पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी थीं। बुधवार देर रात को एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पोस्टमार्टम हाउस के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख मोंटी ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक स्विफ्ट कार, .32 बोर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मेड पिस्टल, .32 बोर की रिवॉल्वर और 12 बोर की बंदूक बरामद की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में खोखा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। उसके खिलाफ गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर और मुरादाबाद में कुल 36 संगीन मुकदमे दर्ज थे।